इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -84 | राजनांदगांव, शुक्रवार 09 फरवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद देना



उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।

तुलसी आयुर्वेदिक

चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव

मो.नं.-7566609039

हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

# हल्द्वानी में धार्मिक स्थल तोड़ने को लेकर बवाल, 250 से अधिक घायल व एक की मौत



नैनीताल। उत्तराखंड में सरकारी जमीनों पर बने अवैध धार्मिक स्थलों को हटाए जाने की कार्रवाई जारी है। नैनीताल जिले के हल्द्वानी में अवैध मस्जिद और मदरसे को तोड़ा गया, जिसको लेकर शहर का माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव भी किया, जिसमें 50 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया है। कार्रवाई के दौरान हालात को संभालने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोल भी छोड़ने पड़े।

पथराव की सूचना के बाद व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद करने शुरू कर दिए थे। अंधेरा होने से पहले ही हल्द्वानी का बाजार लगभग बंद हो गया था। स्थानीय लोगों ने मस्जिद और मदरसे को तोड़ने का विरोध किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मौके पर मौजूद नगर निगम की जेसीबी भी तोड़ दी। इससे करीब 15 मिनट तक काम रुका रहा। इस बीच दूसरे जिलों से और फोर्स बुला ली गई। बनभूलपुरा में धार्मिक स्थल को तोड़ने की कार्रवाई के दौरान हुए बवाल से बाजार में भी अफरातफरी मच गई।

बनभूलपुरा क्षेत्र में मलिक के बगीचे में नगर निगम की टीम ने बृहस्पतिवार को अवैध मस्जिद और मदरसा तोड़ने की कार्रवाई शुरू की। मगर इसका विरोध कर रहे लोगों ने पथराव कर दिया। मामला आगजनी और तोड़फोड़ तक पहुंच गया।हालांकि शाम 4 बजे पुलिस फोर्स के पहुंचने से पहले ही बनभूलपुरा क्षेत्र की दुकानें बंद हो गई थी। वहीं बवाल की सूचना पर शाम करीब साढ़े 4 बजे ताज चौराहे से लगे मीरा मार्ग, रेलवे बाजार, नया बाजार लाइन की दुकाने एकाएक बंद होने लगी। इसे देखते हुए बाजार में अफरा-तफरी मच गई। दुकानों में मौजूद ग्राहकों को भी दुकानदार वापस घर भेजने लगे और सामान जल्दी अंदर करने लगे। शाम साढ़े 5 बजे तक पटेल चौक, सदर बाजार, लोहार लाइन, सब्जी मंडी, बर्तन बाजार सहित अन्य बाजारों की दुकानें भी बंद हो गई। वहीं दूसरी ओर मंगल पड़ाव क्षेत्र में भी बवाल की सूचना पर अधिकतर दुकानें बंद हो गई थी। इस दौरान उनकी पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ झड़प हो गई। इस दौरान कुछ लोगों ने अपने घरों की छतों से पुलिस पर पथराव किए। जेसीबी मशीन पर भी पथराव किया गया, जिसमें 20 से अधिक पुलिसकर्मी और पत्रकार घायल हो गए।

बता दें कि, बीते कई दिनों से प्रशासन और हल्द्वानी नगर निगम की टीम सरकारी जमीनों पर बने अवैध भवनों और धार्मिक स्थलों को ध्वस्त करने में लगी हुई है। गुरुवार को भी प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम बुलडोजर के साथ बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के मालिक के बगीचे में पहुंची। इस दौरान यहां अवैध रूप से बनी मस्जिद और मदरसे पर बुलडोजर चलाया गया। इसके बाद से इलाके में तनाव का माहौल पैदा हो गया।

हल्द्वानी नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने मस्जिद और मदरसे के संचालकों को नोटिस भेजा था, नोटिस भेजने के बाद भी उन्होंने मस्जिद और मदरसे से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिखाए, जिसके बाद ये कार्रवाई की गई है।

## हल्द्वानी में दंगाइयों को देखते ही गोली मारने का आदेश

इंदौर। उत्तराखंड के हल्द्वानी जिले के बनभूलपुरा में सांप्रदायिक तनाव पैदा हो गया है। यह बवाल मदरसा और नमाज स्थल को तोड़ने को लेकर मचा हुआ है। यह धार्मिक स्थल सरकारी जमीन पर बना हुआ था। उसको तोड़ने से विशेष समुदाय के लोग भड़क गए। उन्होंने पत्थरबाजी व गाड़ियों में आग लगा दी।

मामले को बढ़ता देख मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। मुख्य सचिव राधा रतू?ी और पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार के साथ स्थिति की समीक्षा की। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। वहीं अराजक तत्वों से सख्ती से निपटने के के लिए जिलाधिकारी ने हल्द्वानी के वनभूलपुरा में कर्फ्यू लगा दिया है। दंगाइयों को देखते ही गोली मरने के आदेश दिए हैं।

## राज्यपाल ने हेमंत सोरेन के आरोप को किया खारिज, कहा- उनकी गिरफ्तारी में राजभवन की कोई भूमिका नहीं



रांची। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को उन आरोपों को खारिज किया, जिनमें कहा जा रहा था कि पूर्व मुख्यमंत्री की धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी में राजभवन का हाथ था। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन से 31 जनवरी को एजेंसी ने सात घंटे तक पूछताछ की थी। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। इससे पहले ही उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

राधाकृष्णन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, राजभवन के दुरुपयोग का कोई सवाल ही नहीं उठता। हमने हर लोकतांत्रिक नियम का सख्ती से पालन किया है। राज्यपाल ने दावा किया कि राजभवन ने हेमंत सोरेन से मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए नहीं कहा था। लेकिन, उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने कहा था कि वह इस्तीफा देने जा रहे हैं।

हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन को राज्य का नया मुख्यमंत्री बनाया गया। हेमंत ने पांच फरवरी को चंपई सोरेन की ओर से पेश किए गए विश्वास प्रस्ताव में हिस्सा लिया था। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया था कि केंद्र की ओर से साजिश रची गई और उनकी गिरफ्तारी में राजभवन की भूमिका थी। राज्यपाल ने चंपई सोरेन को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने में देरी के सवाल पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा, देरी असाधारण स्थिति में कानूनी सहाल के कारण हुई। हमने उन्हें छब्बीस घंटे बाद बुलाया।

### जांच से क्यों भाग रहे अरविंद केजरीवाल : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली ,08 फरवरी (आरएनएस)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर संवाददाताओं से वार्तालाप की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर पूछे गए सवालों के जवाब दिए। अरविंद केजरीवाल द्वारा लगातार ईडी के समनों की अनदेखी के प्रश्न पर बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने क्सत्ता संभाली, तो अर्थव्यवस्था ना केवल खराब स्थिति में थी, बल्कि संकट में थी। हमें एक दशक से कुप्रबंधित अर्थव्यवस्था को ठीक करने । 2023 को सस्पेंड कर दिया था।

## संसद में श्वेत पत्र पेश, सरकार ने कहा- यूपीए सरकार की आर्थिक नीतियां औसत दर्जे की थीं



नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज लोकसभा में 2014 के पहले की भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़ा एक श्वेतपत्र पेश किया। इस श्वेतपत्र में यूपीए सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के बारे में बताया गया है। यूपीए सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के बारे में वर्तमान केंद्र सरकार की ओर से जारी श्वेत पत्र में बातया गया है कि तत्कालीन सरकार आर्थिक क्रियाकलावों को सुचारु रूप से चलाने में विफल रही।

उसकी जगह पर सरकार की ओर से लिए गए निर्णय देश को और पीछे की ओर ले गए। सरकार ने कहा कि यूपीए सरकार की आर्थिक नीतियां जब वे सत्ता में आए औसत दर्जे की थीं, जैसे-जैसे दशक बीतता गया वे और खराब होती गईं।

यूपीए आर्थिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने में बुरी तरह विफल रहीः श्वेत पत्र

श्वेत पत्र के अनुसार यूपीए सरकार आर्थिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने में बुरी तरह विफल रही। इसके बजाय यूपीए सरकार ने ऐसी बाधाएं पैदा कीं जिससे अर्थव्यवस्था रुक गई। उस सरकार ने वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के सुधारों के विलंबित प्रभावों और अनुकूल वैश्विक परिस्थितियों का लाभ उठाया और दीर्घकालिक आर्थिक परिणामों की अधिक चिंता किए बिना संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों के लिए परिणामी रूप से तेज आर्थिक विकास का शोषण करना शुरू कर दिया। नतीजा यह हुआ कि बुरे ऋणों का पहाड़ खड़ा हो गया। उच्च राजकोषीय घाटा, उच्च चालू खाता घाटा और पांच वर्षों के लिए दो अंकों की मुद्रास्फीति की स्थिति बनी। जिसने कई भारतीयों की जेब पर असर डाला और देश ÷फ्रैजाइल फाइव÷ (पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं) के क्लब में शामिल हो गया।

हमें एक कमजोर अर्थव्यवस्था मिली, हमने इसकी जीवंतता बहाल की- सरकार

सरकार ने श्वेत पत्र में बताया कि यूपीए काल के शासक न केवल अर्थव्यवस्था में गतिशीलता लाने में विफल रहे, बल्कि उन्होंने अर्थव्यवस्था को इस तरह लूटा कि हमारे उद्योगपतियों ने रिकॉर्ड पर कहा कि वे भारत के बजाय विदेश में निवेश करना पसंद करेंगे। निवेशकों को भगाना आसान है लेकिन उन्हें वापस जीतना कठिन है। यूपीए सरकार ने यह भी प्रदर्शित किया कि अर्थव्यवस्था को बढ़ाने की तुलना में उसे नुकसान पहुंचाना आसान है। सरकार ने श्वेत पत्र में कहा कि तत्कालीन यूपीए सरकार को एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी और उन्होंने 10 साल बाद हमें एक कमज़ोर अर्थव्यवस्था दी। अब हमने इसकी जीवंतता बहाल कर दी है।

## मोदी सरकार की विफलताओं पर कांग्रेस ने जारी किया ब्लैक पेपर, खड़गे बोले-बीजेपी लोकतंत्र खत्म कर रही

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र में केंद्र सरकार यूपीए राज के 10 साल के खिलाफ 'श्वेत पत्र' लाने वाली है। इसके जवाब में अब कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के 10 साल के शासन के खिलाफ 'ब्लैक पेपर' लाने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस का 'ब्लैक पेपर' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 10 साल के शासन पर होगा। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ये 'ब्लैक पेपर' पेश कर सकते हैं।

केंद्र सरकार ने 1 फरवरी को पेश किए गए केंद्रीय बजट में घोषणा की थी कि वह कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के 10 वर्षों के आर्थिक प्रदर्शन की तुलना में भाजपा के नेतृत्व वाली 10 वर्षों की सरकार के काम को लेकर एक 'श्वेत पत्र' लाएगी। संसद में भाजपा और कांग्रेस में आज फिर वार पलटवार की राजनीति देखने को मिल सकती है। इसके चलते संसद में फिर से हंगामे के आसार है। । दें कि संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि 2014 में सत्ता संभालने वाली मोदी सरकार ने उन वर्षों के संकट को पार कर लिया है, जहां कांग्रेस छोड़ कर गई थी। उन्होंने कहा कि अब अर्थव्यवस्था तेजी से विकास करने के पथ पर मजबूती से खड़ी है। उन्होंने घोषणा की थी कि सरकार सदन के पटल पर एक श्वेत पत्र रखेगी, तो यह दिखाएगी कि हम 2014 तक कहां थे और अब कहां हैं, इसका एकमात्र उद्देश्य उन वर्षों के कुप्रबंधन को दिखाना है।

## अभी जेल में ही रहेंगी आईएएस रानू साहू, कोयला घोटाले में हाईकोर्ट से खारिज हुई जमानत याचिका



बिलासपुर। कोयला घोटाले में जेल में बंद आईएएस रानू साहू की जमानत याचिका पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जिसका फैसला आज सार्वजनिक कर दिया गया है। इस फैसले के बाद आरोपी आईएएस रानू साहू की मुश्किलें बढ़ गई है। हाईकोर्ट ने रानू साहू की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। 8 जनवरी को रानू साहू की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए पहले दोनों पक्षों की दलील सुनी, फ़िर फैसला सुरक्षित रखा था। हाईकोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी है। इसका मतलब अभी रानू साहू को जेल में ही रहना पड़ेगा।

22 जुलाई को गिरफ्तार हुईं थी रानू साहू

प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने छत्तीसगढ़ में लगातार कार्रवाई कर रही है। कोयला घोटाला मामले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय ने 2 साल से ज्यादा का समय दिया है। इस दौरान राज्य में कई जगह छापे और कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन्ही में से एक आइएएस रानू साहू (निलंबित) को बीते साल 22 जुलाई को गिरफ्तार किया था। तब से लेकर अब तक रानू साहू जेल में बंद हैं। इससे पहले निचली कोर्ट से उनकी जमानत याचिका खारिज हुई थी। ईडी की ओर से रानू साहू पर कोयला घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया गया है।

प्रवर्तन निदेशालय की टीम अक्टूबर 2022 से ही अवैध वसूली मामले में कार्रवाई कर रही है। 2010 बैच की आईएएस अधिकारी रानू साहू को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद 22 जुलाई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, कई आईएएस और 6 आईपीएस अधिकारी इधर से उधर

रायपुर। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। राज्य सरकार ने गुरुवार देर शाम कई आईएएस और आईपीएस अफसरों का तबादला आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक 2016 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजय कन्नौजे को अब जिला पंचायत सीईओ बनाकर बालोद भेजा गया है। वहीं सूरजपुर के एसडीएम लक्ष्मण तिवारी को सुकमा जिले का जिला पंचायत सीईओ बनाया गया है। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी का अतिरिक्त दायित्व भी सौंपा गया है। राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के छह अधिकारियों का भी तबादला किया है। इस संबंध में गृह विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक निखिल अशोक कुमार रखेचा को अब सुकमा जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दस हजार 523 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की नीलामी को मंजूरी



नयी दिल्ली 08 फरवरी (वार्ता) सरकार ने दूरसंचार सेवाओं और कवरेज की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से विभिन्न मेगाहर्ट्ज के तहत 10523.1 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम नीलामी को आज मंजूरी दे दी, जिससे सरकार को आरक्षित मूल्य पर 96317.65 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने का अनुमान है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आज देर शाम हुयी बैठक में दूरसंचार विभाग के इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी, जिसके माध्यम से दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने के लिए सफल बोलीदाताओं को स्पेक्ट्रम सौंपा जाएगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने यहां संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुये कहा कि ये नीलामी 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1800 मेगाहर्ट्ज, 2100 मेगाहर्ट्ज, 2300 मेगाहर्ट्ज, 2500 मेगाहर्ट्ज, 3300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज फ्रीक्वेंसी बैंड में स्पेक्ट्रम के लिए आयोजित की जाएगी। स्पेक्ट्रम को 20 वर्षों की वैधता अवधि के लिए असाइनमेंट के लिए पेश किया जाएगा। रुपये के मूल्यांकन के साथ कुल 10,523.15 मेगाहर्ट्ज की पेशकश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने दूरसंचार सेवाओं की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्पेक्ट्रम उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से मौजूदा स्पेक्ट्रम उपयोग पर विचार करने के लिए सचिवों की एक समिति (सीओएस) भी गठित की है। इसके साथ ही स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणालियों और संचालन के लिए 700 मेगाहर्ट्ज बैंड में एनसीआरटीसी जैसी रेल-आधारित शहरी/क्षेत्रीय पारगमन प्रणालियों की स्पेक्ट्रम आवश्यकताओं के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गयी है।

श्री ठाकुर ने कहा कि भारत आज डिजिटल प्रौद्योगिकियों में अग्रणी होने के लिए जाना जाता है। इसके 5जी रोलआउट को विश्व स्तर पर सबसे तेज़ 5जी रोलआउट के रूप में मान्यता दी गई है। मोबाइल संचार एक मजबूत और न्यायसंगत डिजिटल भारत का प्रवेश द्वार है। इसके अलावा, भारत 6जी सेवाओं में अग्रणी बनने के लिए प्रतिबद्ध है जो अगले 5 वर्षों में आकार ले लेगी।

## एमपी-छग बॉर्डर पर पुलिस-नक्सली मुठभेड़, 20 मिनट तक तड़ातड़ चली गोलियां, 2 नक्सली घायल



कवर्धा(दावा)। छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश बॉर्डर पर पुलिस नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। कवर्धा में पुलिस जवानों और नक्सलियों के बीच जमकर फायरिंग हुई है। यह मुठभेड़ करीबन 20 मिनट तक चलती रही है। बाद में पुलिस को सफलता मिलने की खबरें हैं। इस मुठभेड़ में जवानों के बुलंद इरादों के सामने नक्सली भाग खड़े हुए हैं। एनकाउंटर में 2 नक्सलियों के घायल होने की खबर है।

दरअसल, छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित कवर्धा जिले में यह घटना हुई है। मुठभेड़ में दो नक्सलियों के घायल हो गए हैं। वहीं, करीब 20 मिनट तक चली मुठभेड़ के बाद नक्सली फरार हो गए। पुलिस ने मौके से नक्सली सामग्री भी जब्त की है। कवर्धा एसपी अभिषेक पल्लव ने इस घटना की पुष्टि की है। बताया जा रहा है यह मुठभेड़ मंगलवार की शाम चिल्फी थाना के माराडबरा के जंगलों में हुई है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि माराडबरा के जंगलों में बोड़ला एरिया कमेटी के नक्सली मौजूद होने और बैठक करने की खबर मिली। इस सूचना आधार पर पुलिस टीम जंगल में सर्चिंग पर निकली। जैसे ही पुलिस टीम नक्सलियों की तलाश में माराडबरा जंगल के अंदर पहुंची तभी बौखलाए नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। करीब 15-20 मिनट चली मुठभेड़ के बाद नक्सली अपने आप घिरता देख घने जंगल की आड़ में फरार हो गए।

### डेली यूज का सामान हुआ बरामद

एनकाउंटर के बाद फरार हुए नक्सलियों की तलाश के लिए पुलिस पार्टी ने इलाके में सर्चिंग अभियान चलाया। पुलिस टीम को सर्चिंग के दौरान मौके से नक्सलियों के दैनिक उपयोग की सामग्री और नक्सली साहित्य बरामद हुए है। पुलिस ने इसे हमे कब्जे में ले लिया है।

# जन्म से ओबीसी नहीं है पीएम मोदी- राहुल गांधी



नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी की जाति को लेकर उनपर हमला बोला है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही पीएम मोदी ने कांग्रेस पर ओबीसी जातियों की अनदेखी का आरोप लगाया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी ओबीसी नहीं बल्कि एक सामान्य जाति से ताल्लुक रखते हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी अपनी जाति के नाम पर देश को गुमराह कर रहे हैं। ओडिशा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तीसरे और अंतिम दिन झारसुगड़ा में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी एक ऐसे परिवार में पैदा हुए थे जो सामान्य जाति से संबंध रखता था।

राहुल गांधी ने आगे दावा किया कि पीएम मोदी खुद को ओबीसी बताकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। वो तेली समुदाय से आते हैं, जिसे गुजरात में बीजेपी सरकार के कार्यकाल के दौरान 2000 में ओबीसी सूची में शामिल किया गया था। इसलिए, जन्म से मोदी जी ओबीसी नहीं हैं। राहुल ने कहा कि जब भी कोई बीजेपी कार्यकर्ता आपके पास आए, तो उनसे जरूर कहें कि हमारे प्रधानमंत्री ने पूरे देश को ये कहकर गुमराह किया कि वो पिछड़े वर्ग से आते हैं। असल में वो पिछड़े वर्ग में पैदा नहीं हुए, बल्कि सामान्य जाति के हैं। ये बात आप हर बीजेपी कार्यकर्ता को बताएं।

### पीएम मोदी ने खुद को कहा था, सबसे बड़ा ओबीसी

गौरतलब है कि पीएम मोदी ने संसद में खुद को 'सबसे बड़ा ओबीसी' कहा था। उन्होंने कांग्रेस पर पाखंड का आरोप लगाते हुए कहा कि वो पिछड़े वर्ग के नेताओं के साथ दोहरा मापदंड अपनाती है। पीएम मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए सोमवार को कहा था कि कांग्रेस पार्टी और यूपीए सरकार ने ओबीसी के साथ न्याय नहीं किया। कुछ दिनों पहले ही कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### पीएम मोदी किस बिरादरी के हैं

पीएम मोदी ने 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान कन्नौज में बताया था कि वह ओबीसी है। पीएम मोदी गुजरात के मोढ़ घांची जाति से आते हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, गुजरात में घांची जाति की आबादी करीब 6 प्रतिशत है। बिहार और यूपी में घांची को तेली जाति के नाम से जाना जाता है। घांची जाति के जो लोग मोढेरा सूर्य मंदिर के आसपास बसे थे, वह मोढ़ घांची कहलाने लगे। घांची जाति को गुजरात में ओबीसी यानी पिछड़ी जाति का दर्जा हासिल है और यह दर्जा उसे नरेंद्र मोदी के सीएम कार्यकाल में नहीं मिला। 1955 में काका कालेकर कमेटी ने घांची जाति को ओबीसी में शामिल करने की सिफारिश की थी। 1994 में जब मोढ़ घांची जाति को गुजरात में पिछड़ी जाति की लिस्ट में शामिल किया गया, तब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी। छबीलदास मेहता गुजरात के मुख्यमंत्री थे। 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी के शासनकाल के दौरान तेली और घांची जाति को ओबीसी के केंद्रीय सूची में शामिल किया गया।

# ठा. प्यारेलाल स्कूल मैदान शिविर में जनसमान्य को केन्द्र सरकार की योजनाओं की दी गयी जानकारी

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से निकली द्वितीय चरण की विकसित भारत संकल्प यात्रा आज दोपहर ठा.प्यारेलाल स्कूल मैदान पहुची, जहॉ शिविर के माध्यम से लोगों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ देने विभिन्न विभाग की स्टाल लगायी गयी। शिविर का शुभारंभ पार्षद शिव वर्मा व टोपेन्द्र सिंह वर्मा सहित उपस्थित अतिथियों ने फिता काटकर छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवलित कर किया एवं उपस्थितजनों को विकसित भारत के लिये संकल्प दिलायी।







योजना का लाभ लेने वार्डवासियों ने लिया आवेदन




शिविर में उपस्थित नेताप्रतिपक्ष किशुन यदु, निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता सहित पार्षद शिव वर्मा, टोपेन्द्र सिंह वर्मा तथा समाजसेवी तरूण लहरवानी, हर्ष रामटेके व नरेन्द्र यादव ने विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया, साथ ही हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्व निधि योजनांतर्गत बैक द्वारा दिये गये ऋण का चेक तथा आयुष्यमान कार्ड का वितरण किया।

कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में नेताप्रतिपक्ष किशुन यदु व वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा कहा कि गत माह वार्डो में केन्द्र सरकार की योजनाओं की नागरिकों को जानकारी व लाभ देने 4 दिनों तक शिविर लगाया गया और आज से द्वितीय चरण की नगर में पहुची संकल्प यात्रा में पुनः 7 वार्डो में शिविर लगाया जा रहा है, जहॉ छुटे हुये हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ लेने आवेदन दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी बढ़-चढ़कर शिविर का लाभ उठावे।

### शिविर में वार्डवासियों ने विभिन्न योजनाओं के लिये किया आवेदन

शिविर में विभिन्न वार्डो के 1 हजार से अधिक लोग शिविर में एवं पोर्टर के माध्यम से उपस्थित हुये और योजनाओं का लाभ लेने पंजीयन कराया। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के लिये 4 लोगों ने पंजीयन कराया, आयुष्मान कार्ड के लिये 615 ने, आधार के लिये 16 ने, उज्जवला योजना के लिये 17 ने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये 5 ने, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिये 2 एवं महतारी वंदन योजना के लिये 282 लोगों ने पंजीयन कराया तथा सैकडों लोगों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर आवेदन लिये। शिविर में लगभग 200 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवा प्राप्त किया।

### मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से लाभार्थियों ने किया अनुभव साझा

केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के पहल के तहत अपने अनुभव साझा किये। जिनमें दीपिका ठावरे ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना का लाभ लेकर तथा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से दिलीप यादव ने एनिमिया का, झामित पटेल ने शिष्ट का, योगेश रजक ने जलने का व अर्चना रजक ने बी.पी. शुगर का ईलाज कराकर लाभ लेकर अपने अनुभव साझाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को योजना का लाभ देने धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में ऑनलाईन क्विज में भी 27 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नगर निगम के अलावा स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, सहित विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दिये।

कार्यक्रम का संचालन महापौर परिषद के सचिव संजीव कुमार मिश्रा ने किया। शिविर में कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में हितग्राही, लाभार्थी, वार्डवासी तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# एनबीआईएस बोरी में मना ब्लेसिंग सेरेमनी



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में कक्षा बारहवीं के बच्चों के लिए ब्लेसिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में सर्वप्रथम संस्था के संस्थापक नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, अकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, कोऑर्डिनेटर अभिजीत मुखर्जी, एडमिन नितिन चौहान द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। संस्था द्वारा इस सत्र के 2023-24 के बारहवीं के छात्रों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में संस्था के समस्त अथॉरिटी व कक्षा बारहवीं के शिक्षकों के द्वारा बच्चों को आशीर्वाद स्वरुप संबोधन किया गया ताकि बच्चे अपने आने वाले नए भविष्य के लिए तैयार रहे । समारोह में कक्षा बारहवीं के बच्चों द्वारा अपनी शाला जीवन के अंतिम वर्ष के लिए भावुकता भरा संवाद प्रस्तुत किया गया। आशीर्वाद समारोह के इस अवसर पर शाला द्वारा कक्षा बारहवीं के सभी छात्रों को स्मृति स्वरुप प्रतीक चिन्ह भेंट की गई। शाला में बारहवीं कक्षा के कुछ छात्र संस्था में नर्सरी से पढ़ते आये है, ऐसे बच्चे अपने पंद्रह वर्ष की यात्रा को याद करते हुए भावुक हो गये। उक्त समारोह में माहौल बेहद भावुक रहा। शाला परिवार के समस्त कर्मचारियों द्वारा बच्चों को आशीर्वाद तथा उनके नवीन भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई ।

## पहला कॉलम...

### युगांतर की अवनि चित्रकला में प्रथम



राजनांदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल की कक्षा आठवीं की छात्रा अवनि गुंधर ने श्री बालाजी मंदिर समिति और यामिनी कला तथा क्रीड़ा केंद्र द्वारा आयोजित अंतर्विद्यालयीन चित्रकला प्रतियोगिता के कक्षा 6 से 8 तक के वर्ग में प्रथम आकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इसी ग्रुप में कक्षा छठवी की ऋचा जैन, नीत बाफना और वेदिका भट्टड़ ने भी शानदार चित्र कला प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। इन विद्यार्थियों ने लगभग 200 विद्यार्थियों के बीच प्रभु श्रीराम का चित्र बनाकर यह उल्लेखनीय मुकाम हासिल किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, पीआरओ दिनेश प्रताप सिंह, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव, कला शिक्षक अजय चौरसिया, ज्ञानेश पटेल सहित युगांतर परिवार ने इन विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

### सुंदरा में प्रभु श्री राम जी का प्राण प्रतिष्ठा हुआ

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव समीप हमारे ग्राम सुंदरा में 1946 से गठित रामायण समिति द्वारा इस ऐतिहासिक वर्ष जिसमे प्रभु श्री राम जी का प्राण प्रतिष्ठा हुआ। इसी के उपलक्ष्य में प्रभु श्री राम के भजन का भव्य रामायण महोत्सव 10 एवं 11 फरवरी 2024 को आयोजन रखा गया है । जिसमें आसपास के ख्याति प्राप्त संगीतकार प्रवक्ता अपने अपने मुखारबिंद से प्रभु श्रीराम के नाम का बखान करेंगे। इस दो दिवसीय आयोजन से पहले शुक्रवार को गायत्री यज्ञ होना है साथ में सोमवार को महाप्रसादी होना है।

### दिग्विजय कालेज में भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा 14 को

राजनांदगांव (दावा)। हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग में अमहाविद्यालय विद्यार्थी के रूप में जिन विद्यार्थीयों ने दिग्विजय महाविद्यालय को परीक्षा केद्र लिया है उनकी भूगोल विषय में सत्र 2023-24 के लिए बी.ए. भाग 1, भाग 2, भाग 3 तथा एम.ए. भूगोल पूर्व एवं उत्तरार्द्ध के सभी विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 14 फरवरी दिन बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से भूगोल विभाग में शुरू होगी सभी विद्यार्थी प्रायोगिक फाइल के साथ (प्रयोगिक पंजीयन रसीद के साथ) में भूगोल विभाग में समय पर उपस्थित होंगे। किसी भी विद्यार्थी को प्रायोगिक कार्य से संबंधित कोई जानकारी चाहिये तो 3 से 5 बजे के मध्य विभाग में संपर्क कर सकते है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वितीय चरण अंतर्गत मोबाईल वेन पहुंची आज निगमसीमा क्षेत्र

राजनांदगांव (दावा)। केन्द्र एवं राज्य सरकारी की योजनाओं को आमजनों तक पहुचाकर उसका लाभ देने विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गयी है, यात्रा का प्रमुख उद्देश्य शासन प्रशासन आपके जनदीक आकर आपकी बातो को सुने और आप जो आवेदन देंगे उसका निराकरण करना है। कुछ काम जल्द होगे और कुछ काम में समय लगेगा, लेकिन आपको योजना का लाभ देना यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। उक्त उदगार पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वितीय चरण के लिये मोतीपुर स्कूल मैदान में आयोजित प्रथम शिविर के शुभारंभ अवसर पर दिये। उन्होंने कहा कि शासन की योजना जैसे प्रधानमंत्री आवस योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, महतारी वंदन योजना का लाभ आपको देने शिविर लगाया जा रहा है तथा जिनके द्वारा केन्द्र सरकार की योजना का लाभ लिया गया है, वे अपने अनुभव भी साझा कर रहे है। उन्होंने कहा कि आप जो भी योजना का लाभ लेने आवेदन करे उसमें पूरी जानकारी देवे, ताकि परीक्षण में कोई भी दिक्कत न हो और समय सीमा में आपको योजना का लाभ मिल सके।

भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से निकली विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वितीय चरण की मोबाईल वेन आज नगर निगम सीमा क्षेत्र में पहुंची। वेन के माध्यम से केन्द्र शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और योजनाओं का लाभ देने आज प्रथम शिविर प्रातः मोतीपुर स्कूल मैदान में लगाया गया। शिविर का प्रारंभ पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, पार्षद टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा व श्री कमलेश बंधे, पूर्व नामांकित पार्षद श्री सावन वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि श्री मोन्टू यादव सहित निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने छत्तीसगढ़ महतारी की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया तथा छत्तीसगढ़ राजगीत के माध्यम से शिविर का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ के पूर्व कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, राजस्व अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। स्वागत पश्चात अतिथियों ने फिता काटकर शिविर का शुभारंभ किया।



कार्यक्रम में पूर्व सांसद श्री यादव ने हितग्राहियों से मुलाकात कर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने उपस्थित जनों को संकल्प दिलाई, और सभी विभाग द्वारा लगाये गये स्टालो का अवलोकन किया। साथ ही अतिथियों द्वारा मोबाईल वेन का स्वागत किया गया, वेन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के वाचन तथा चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की समान्य जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में स्वागत उदबोधन देते हुये आयुक्त श्री गुप्ता ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर के संबंध में जानकारी देते हुये केन्द्र सरकार की योजनाओं एवं उसके लाभ के बारे में क्रमवार जानकारी दिये। उन्होंनें बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण में आज से शिविर प्रांरभ होकर 11 फरवरी 2024 तक दो पालियो में चलेगा, जिसमें आज मोतीपुर स्कूल मैदान तथा द्वितीय शिविर ठा.प्यारेलाल स्कूल मैदान, कल 9 फरवरी को रेवाडीह स्कूल मानस भवन मैदान तथा बल्देव प्रसाद मिश्र बसंतपुर स्कूल मैदान में, 10 फरवरी को सिंगदई बाजार चौक व नंदई अनुसूचित जाति बालक छात्रावास मैदान तथा अंतिम दिन 11 फरवरी को कन्हारपुरी स्कूल मैदान में शिविर आयोजित होगा। जहॉ वार्डवासी उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का लाभ लेगे।

### शिविर में वार्डवासियों ने विभिन्न योजनाओं के लिये किया आवेदन

विभिन्न वार्डो के 14 सौ से अधिक लोग शिविर में उपस्थित होकर एवं पोर्टर के माध्यम से योजनओं का लाभ लेने पंजीयन कराया। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के लिये 29 लोगों ने पंजीयन कराया, आयुष्मान कार्ड के लिये 548 ने, आधार के लिये 14 ने, उज्जवला योजना के लिये 7 ने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये 06 ने, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिये 16, महतारी वंदन योजना के लिये 84 लोगों ने पंजीयन कराया तथा सैकडों लोगों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर आवेदन लिये। शिविर में 100 से अधिक लोगां कों चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया गया, जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं आयुष विभाग द्वारा मरीजो की जॉचकर दवाई का वितरण किया गया।

### मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से 06 लोगों ने किया अनुभव साझा

केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के पहल के तहत 06 लोगों ने अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने आयुष्मान कार्ड तथा केन्द्र सरकार की योजना के द्वारा लिये गये लाभ की जानकारी देकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में ऑनलाईन क्विज में भी 59 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नगर निगम के अलावा स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, सहित विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दिये।

शिविर में पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु सहित पार्षदों व जनप्रतिनिधियों ने आयुष्मान कार्ड, महिला समूहों को ऋण उपलब्ध कराया गया तथा अतिथियों ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर बच्चों का अन्नप्राशन किया एवं स्वस्थ बालक व बालिका को पुरूस्कृत किया। शिविर में मनोहर यादव एवं उनकी टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से योजनओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन महापौर परिषद के सचिव संजीव कुमार मिश्रा ने किया। शिविर में बड़ी संख्या में हितग्राही, लाभार्थी, वार्डवासी तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# पर्वतारोहण के क्षेत्र में सिंघोला राजनंदगांव के जितेंद्र मानसिंग साहू का नाम वर्ल्ड वाइड ऑफ बुक रिकॉर्ड में दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। पहाड़ों से ही शुरू होती है और पहाड़ों पे ही खत्म हमारी कहानी बस इतनी सी है की पहाड़ी है हम छत्तीसगढ़ के पर्वतारोही साथियो ने आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी गौरलाटा पीक (ऊंचाई-4019 फीट) पर, आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर 75 फिट का विशाल राष्ट्र ध्वज तिरंगा लहराकर वर्ल्ड रिकार्ड (वर्ल्ड वाईड बुक ऑफ रिकार्ड) मे अपना नाम दर्ज करवाया है मुश्किल रास्ते अक्सर खूबसूरत मंजिलों तक पहुंचाते हैं जिनका अभिनंदन राजधानी रायपुर के वृंदावन हाल में प्रदेश की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था वक्ता मंच द्वारा किया गया। मिशन गौरलाटा मे छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिले के पर्वतारोही साथी शामिल थे जिसमें राजनंदगांव से जितेंद्र मानसिंह साहू पिता मानसिंग सीताराम साहू, नीतेश अग्रवाल बालोद जिले से रूपेश साहू, लोकेश साहू गरियाबंद से खेमराज साहू और बेमेतरा से कुनाल गुप्ता शामिल थे।



### पर्वतारोहण के क्षेत्र में उपलब्धियां

पर्वतारोहण के क्षेत्र में जितेंद्र मानसिंग साहू ने हिमाचल प्रदेश के करोल टिब्बा ट्रेक (ऊंचाई-2240 मीटर) का सफल आरोहण कर ग्रामीण अंचल जिले सहित पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

# लखोली मंडई 23 फरवरी को

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लखोली वार्ड नंबर 31, 32, 33, 35 व 36 में 23 फरवरी दिन शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन समस्त ग्राम वासियों के तत्वाधान में रखा गया है। साथ ही रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी तारा चंद साहू ने दी है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-5-8
368-7 499-2
राजधानी
4-6-9
480-2 260-8

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**नाम परिवर्तन सूचना**

एतद् द्वारा सर्वविदित हो कि मेरा वास्तविक नाम प्यारेलाल वर्मा आ. झाडू राम वर्मा है, जो कि मेरे आधार कार्ड, बैंक पास बुक आदि दस्तावेजों में दर्ज है। केवल मेरे बजाज एलाईंस लाईफ इंश्योरेंस कंपनी की पालिसी क्रं. 0205137854 मेरा नाम प्यारी लाल वर्मा (PYARI LAL VERMA) त्रुटिवश टंकण हो गया है, जिसे सुधार कर मेरा सही नाम प्यारे लाल वर्मा (PYARE LAL VERMA) भविष्य में मेरे समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावे।

सूचना जाने...

शपथकर्ता
प्यारे लाल वर्मा
आ. झाडू राम वर्मा
ग्राम रीवागहन
तह. व जिला -राजनांदगांव (छ.ग.)

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव**

**ईश्तहार**

क्रं./ / प्रवा.3 अ. वि. अ./2023
राजनांदगांव, दिनांक 22/11/2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक गणेश रामटेके पिता ईश्वरदास रामटेके, निवासी - ममता नगर, वार्ड क्र. 19 राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा ग्राम बजरंगपुर नवागांव, प. ह. नं. 35, खसरा नंबर 50/1/ख, रकबा 0.1990 हेक्टेयर, कृषि भिन्न औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा-59 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुर्नकर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
आज ता. 9 से भव्य शुभारंभ रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
मनोज राजपूत फिल्मस प्रस्तुत
गांव में जीरो शहर में हीरो
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - मनोज राजपूत, इशिका यादव, किशानी घोष, धर्मेन्द्र चौबे, संजय महानर आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

silver SCREEN
SILVER SCREEN Multiplex
09th Feb to 15th Feb 2024




Teri Baaton Main Aisa Uljha Jiya - 12:30,03:15,03:30,06:30,09:15 & 09:30 pm
Eagle (Hindi)- 06:15 pm
Gaon Ke Zero Sahar Ma Hero (Chhattisgarhi)- 12:15 pm
Fighter - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है भारत सरकार के वन पर्यावरण के द्वारा गणित राज्य स्तर पर्यावरण समाचार निर्धारण प्राधिकरण छ.ग. के आदेश क्र. 2575 / एस ई. आई. ए.ए. छ.ग. / खदान / 1006 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 19.01.2024 के द्वारा नितिश अग्रवाल डुमरडीहकला तह. व जिला राजनांदगांव की चूना पत्थर खदान (0.955 हेक्टेयर) पर खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उक्त पर्यावरणीय स्वीकृति के ओदश की प्रतियाँ सचिवालय छ.ग. पर्यावरण संरक्षा मंडल के अवलोकन हेतु अपलब्ध है साथ ही इनका अवलोकन एस. ई. आई. ए.ए. छ.ग. ओ. आर. जी. पर भी किया जा सकता है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित हो

नितीश अग्रवाल
ग्राम डुमरडीहकला, राजनांदगांव

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है भारत सरकार के वन पर्यावरण के द्वारा गणित राज्य स्तर पर्यावरण समाचार निर्धारण प्राधिकरण छ.ग. के आदेश क्र. 2581 / एस ई. आई. ए.ए. छ.ग./ खदान / 1007 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 19.01.2024 के द्वारा विजय अग्रवाल डुमरडीहकला तह. व जिला राजनांदगांव की चूना पत्थर खदान (0.480 हेक्टेयर) पर खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उक्त पर्यावरणीय स्वीकृति के ओदश की प्रतियाँ सचिवालय छ.ग. पर्यावरण संरक्षा मंडल के अवलोकन हेतु अपलब्ध है साथ ही इनका अवलोकन एस. ई. आई. ए.ए. छ. ग. ओ. आर. जी. पर भी किया जा सकता है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित हो

विजय अग्रवाल
ग्राम डुमरडीहकला, राजनांदगांव

**कार्यालय जेल अधीक्षक, जिला जेल राजनांदगांव छ.ग**

न्यू सिविल लाईन बलदेव बाग राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ पिन कोड 491441
07744-224028 VC.ID-https://meet.jit.si/djailrajnandaon Gmail -distjailtjn@gmail.com

परिशिष्ट - 2
(नियम 4.4.2)
निविदा सूचना का प्रारूप
प्रथम वार्षिक/अर्धवार्षिक निविदा वर्ष 2024-25

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 220 /निर्वाह/2024 राजनांदगांव दिनांक 07.02.2024

जिला जेल राजनांदगांव में परिरूध्द बंदियों हेतु खाद्यान, सब्जी एवं अन्य सामग्री प्रदान करने के लिए मोहर बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 01.00 बजे तक आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर प्रमाण पत्र सहित) रु. 5000.00 (रू. पांच हजार मात्र) नगद भुगतान कर दिनांक 11.03.2024 के पूर्व कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र एवं निविदा संबंधी अन्य जानकारी जेल विभाग की वेबसाइट www.jail.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। ऐसे निविदाकार को निविदा फीस निविदा प्रस्तुत करते समय कार्यालय में राशि नगद जमा करनी होगी।

| | |
|---|---|
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि | - 09.03.2024, समय दोपहर 01:00 बजे तक। |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | - 11.03.2024, समय पूर्वान्ह 11.00 बजे तक। |
| निविदा खोलने की तिथि | - 11.03.2024, समय दोपहर 04.00 बजे । |
| स्थान | -कार्यालय जेल अधीक्षक जिला जेल राजनांदगांव। |

जी- 07656/3

जेल अधीक्षक
जिला जेल राजनांदगांव (छ.ग.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत, खेरथाबाजार**

जनपद पंचायत डौंडीलोहारा, जिला- बालोद (छ.ग.)

क्रं...../ग्रा.पंचा./लोक नीलामी 2024 दिनांकः 08/02/2024

**--::नीलामी सूचना::--**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम पंचायत खेरथाबाजार में संचालित मवेशीबाजार, एवं आमबाजार की लोक नीलामी 3 वर्ष (01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2027 तक) के लिए निम्नानुसार किया जावेगा।

| | |
|---|---|
| नीलाम की तारीख | :- 28.02.2024 |
| समय | :- 11.00 बजे से, |
| स्थान | :- राजीवगांधी सेवा केन्द्र भवन (पंचायत), |
| जहाँ सम्पत्ति स्थापित है | :- ग्राम पंचायत खेरथाबाजार । |

नीलाम की शर्ते :-

(1.) स्थावर सम्पत्ति का अंतरण नियम 1994 की नियम 10 एवं 11 लागू होगा। (संलग्न है।)

(2.) नीलामी बोली हेतु अग्रिम धन जमा राशि 5%, 3 वर्ष सम्पत्ति मूल्य पर 1,00,000/-रूपये।

(3.) आमबाजार नीलामी हेतु अग्रिम धन जमा राशि 5 %, 3 वर्ष सम्पत्ति मूल्य पर 30,000/-रूपये।

(4.) नीलाम मूल्य की 50% रकम का निक्षेप उसकी बोली स्वीकृत किए जाने के ठीक पश्चात, अव्यवहित करेगा। इस रकम में अग्रिम धन के निक्षेप का समायोजन किया जाएगा। यदि वह इस नियम द्वारा अपेक्षित किए गए अनुसार नीलाम मूल्य की 50% रकम का निक्षेप करने में असफल रहता है तो उसके द्वारा निक्षिप्त अग्रिम धन संबंधित पंचायत के पक्ष में समपह्त हो जाएगा और नीलाम रद्द किया समझा जाएगा।

0 नीलाम की शर्तें और जानकारी ग्राम पंचायत खेरथा बाजार कार्यालय में देखा जा सकता है।

स्थान : खेरथाबाजार
दिनांक : 08.02.2024

विक्रम सिंह सिन्हा
सरपंच
ग्राम पंचायत, खेरथाबाजार
ज.पं. डौ.लो., जि. बालोद (छ.ग.)

# लोकसभा चुनाव में 6 लाख 99 हजार 123 लोग करेंगे मतदान, जिले में बनाए जाएंगे 840 से अधिक मतदान केंद्रः कलेक्टर ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

राजनांदगांव । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरट सभाकक्ष में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 कार्यक्रम के संबंध में प्रेसवार्ता ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन गुरूवार 8 फरवरी 2024 को किया गया हैं। इसके अंतर्गत एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन शनिवार 6 जनवरी 2024 का किया गया था। दावे एवं आपत्ति भरने की अवधि बुधवार 6 जनवरी 2024 से सोमवार 22 जनवरी 2024 तक थी। विशेष अभियान की तिथियां शनिवार 13 जनवरी 2024 एवं रविवार 14 जनवरी 2024 निर्धारित थी। दावे एवं आपत्तियों का निराकरण शुक्रवार 2 फरवरी 2024 को किया गया। स्वास्थ्य मापदंडों की जांच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की स्वीकृति तथा डेटाबेस को अद्यतन और पूरकों की छपाई मंगलवार 6 फरवरी 2024 को किया गया और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन गुरूवार 8 फरवरी 2024 को किया गया।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु सेक्टर अधिकारियों की नियुक्त कर ली गई है। मतदान दल गठन एवं अन्य निर्वाचन कार्य हेतु जिले के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की प्रवृष्टि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा प्रदाय सॉफ्टवेयर पीपीईएस पर कराया जा रहा है। जिले के 840 मतदान केन्द्रों में से 430 मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग किया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग जारी कार्यक्रम अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु ईवीएम मशीनों का प्रथम स्तरीय जांच 5 फरवरी 2024 से 14 फरवरी 2024 तक ईसीआईएल के इंजीनियरों द्वारा किया जा रहा है। प्रथम स्तरीय जाँच (एफएलसी) का कार्य ईवीएम वेयरहाऊस जिला कार्यालय परिसर राजनांदगांव में किया जा रहा है। प्रथम स्तरीय जांच के दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति उपस्थित होकर कार्य का अवलोकन कर सकते है। जिले में वर्तमान में 2440 बीयू, 1336 सीयू एवं 1708 वीवीपेट उपलब्ध है।



मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रत्येक मतदान केन्द्र हेतु उसी मतदान केन्द्र के एक मतदाता को अपने दल की ओर से बीएलए नियुक्त कर सकते है। उच्चतम न्यायालय द्वारा ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग के संबंध में जारी निर्देशों के अनुरूप आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 एवं अन्य अवसरों पर उपयोग कर सकेंगे। ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप केवल संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति से ही किए जा सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला स्तरीय कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। कार्यालयीन समय में 1950 नम्बर पर संपर्क कर निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल एवं मतदाता हेल्पलाइन ऐप की सहायता से मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम खोजने मतदाता पंजीकरण, संशोधन एवं विलोपन के लिए ऑनलाईन फॉर्म भरने, ई-इपिक डाऊनलोड करने, डिजिटल फोटो मतदाता पर्ची डाउनलोड करने, शिकायत करने, मतदान केन्द्र का विवरण खोजने का कार्य आसानी से कर सकते हैं। साथ ही वोटर आईडी कार्ड के साथ आधार लिंक करने के लिए फार्म 6बी ऑनलाईन एप्लाई कर सकते है। एनजीएस पोर्टल का उपयोग मतदाता द्वारा मतदाता परिचय पत्र प्राप्त न होना, आवेदन फार्म का निराकरण नहीं होना या अन्य शिकायतों को दर्ज करने के लिए किया जा सकते हैं।

विधानसभावार कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1006 है, जिसमें राजनांदगांव जिला अंतर्गत 840 मतदान केन्द्र एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत 97 मतदान केन्द्र तथा मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी अंतर्गत 69 मतदान केन्द्र है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 270 है। इसके अंतर्गत खैरागढ़ तहसील (जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई) में मतदान केन्द्रों की संख्या 97, डोंगरगढ़ तहसील में मतदान केन्द्रों की संख्या 80 एवं राजनांदगांव तहसील में मतदान केन्द्रों की संख्या 93 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 223 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 252 है। इसके अंतर्गत डोंगरगांव तहसील में मतदान केन्द्रों की संख्या 132 एवं डोंगरगढ़ तहसील में मतदान केन्द्रों की संख्या 120 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 261 है। इसके अंतर्गत छुरिया तहसील में मतदान केन्द्रों की संख्या 192 एवं अम्बागढ़ चौकी तहसील (जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी) में मतदान केन्द्रों की संख्या 69 है।

### राजनांदगांव जिले में मतदाताओं की संख्या-

राजनांदगांव जिले में मतदाताओं की संख्या 6 लाख 99 हजार 123 है। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 3 लाख 48 हजार 244, महिला मतदाताओं की संख्या 3 लाख 50 हजार 901 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 7 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 1 लाख 39 हजार 116 है।

## पुलिस ने आदतन बदमाश सहित 3 वारण्टियों को किया गिरफ्तार





राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र के आदतन बदमाश सहित लम्बे समय से फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपने इस कार्रवाई में आम जगह पर शराब पीने वालों को भी चपेट में लिया है व उनके खिलाफ आबकारी एक्ट लगाया है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु असमाजिक तत्वों के खिलाफ सतत अभियान कार्यवाही किया जा रहा है जिसके अंतर्गत मारपीट के मामले के फरार आरोपी, विकास सिन्हा पिता देवानाथ सिन्हा उम्र 25 साल निवासी शंकरपुर, इसी

**दो वर्ष से फरार चल रहा था वारण्टी**

तरह आदतन बदमाश सुनील मरकाम पिता भारत मरकाम उम्र 20 साल निवासी चिखली कण्ड्रापारा व फरार वारण्टी उमेष टण्डन पिता योगेन्द्र टण्डन उम्र 28 साल निवासी ग्राम बोरी गठूला को गिरफ्तार कर तथा वारण्ट तामिल कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

इसी प्रकार अभियान कार्यवाही में मोतीपुर के आम जगह पर शराब का सेवन कर रहे उपेन्द्र देवांगन पिता पीलाराम देवांगन उम्र 50 साल निवासी बजरंगपुर नवागांव के विरूद्ध धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी चिखली उपनिरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, प्रधान आरक्षक अरविंद यादव, सुनील वर्मा, बीरबल राजपूत, कमल साहू, महिला आरक्षक सुल्ताना का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## आज जिला पंचायत सभाकक्ष में परीक्षा पर्व कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। जिला स्तर पर आज 9 फरवरी शुक्रवार को 11.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में परीक्षा पर्व उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बच्चों को परीक्षा से सम्बंधित तनाव से उबरने एवं सहायता करने तथा बालकों में परीक्षा से सम्बंधित चिंता व दबाव को कम करने की दिशा में चर्चा की जाएगी।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को परीक्षा पर्व जिला स्तरीय कार्यक्रम में सहयोग के लिए सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती बी. संगीता राव को नियुक्त किया है। बता दे कि आज जिला पंचायत सभागार में 11:30 बजे से आयोजित परीक्षा पर्व उन्मुखीकरण का आयोजन राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार किया गया है। पंचायत के नलिन सिंह ने बताया कि इस परीक्षा पर्व कार्यक्रम में जिले के स्कूलों के बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति रहेगी वही जिला शिक्षा विभाग के लोग भी उपस्थित रहेंगे। चूंकि सभागार की केपेसिटी 2 से ढ़ाई सौ लोगों की है अतः ज्यादा लोगों के आने पर अलग से कुर्सियां आदि की व्यवस्था की जाएगी।

## युगांतर के चार विद्यार्थियों को सीए फाउंडेशन में मिली उत्कृष्ट सफलता









राजनांदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के चार विद्यार्थियों ने सीए फाउंडेशन एक्जाम में शानदार सफलता अर्जित की है। इनमें सीबीएसई बारहवी बोर्ड की विद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त रीति जैन, ऋतिका जैन, दीशिका मोटलानी, मौलिक जैन ने इस एक्जाम में उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ एक उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। इन उभरते विद्यार्थियों ने साबित कर दिया है कि सफलता के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है, क्योंकि उन्होंने अपनी असाधारण प्रतिभा के बल पर इस चुनौतीपूर्ण परीक्षा को उत्तीर्ण किया।

उल्लेखनीय है कि इन चारों विद्यार्थियों ने न केवल लेखांकन सिद्धांतों की गहरी समझ का प्रदर्शन किया, बल्कि उल्लेखनीय समस्या-समाधान कौशल और विश्लेषणात्मक सोच का भी प्रदर्शन करते हुए यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इन विद्यार्थियों ने तरूण महापात्रा, दीप्ति बिंदल, भावा रमेश, शुभम पाण्डे, वन्दना सिंह, कंचन सोहल, ललित महोबिया के मार्गदर्शन में यह शानदार सफलता अर्जित की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, पी आर ओ दिनेश प्रताप सिंह, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव सहित युगांतर परिवार ने इन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

### यशोदा राय का निधन

भिलाईनगर। सेक्टर 4 निवासी श्रीमती यशोदा राय का आज सेक्टर 9 चिकित्सालय में निधन हो गया, वे 91 साल की थी उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 9 फरवरी को सुबह 11:30 बजे रामनगर मुक्ति धाम में किया जाएगा। वे भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मी अंजनी कुमार राय की मां थी।

## जिपं. सदस्य राजेश श्यामकर ने निभाया वासुदेव का दायित्व



उपरवाह (दावा)। ग्राम जोरातराई में जनपद सदस्य श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा एवं समस्त सिन्हा परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन एक फरवरी से किया जा रहा है। भागवत कथा के श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर पहुंचकर श्री कृष्ण को अपने सिर पर उठाकर वासुदेव का दायित्व निभाते हुवे खूब थिरके। तत्पश्चात व्यासपीठ महाराज जी से आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की और कहा कि भगवान ही भगवान है। भगवान को पाना है तो बड़े बुजुर्गो का सम्मान करो जब हम अपने समाज में एकता बांधे रखने में कामयाब होते है, कलयुग में ऐसे भक्ति भावना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम करना और दिल से भक्ति भाव को जोड़कर रखना बड़ी बात है, इससे हमारे सनातन धर्म का प्रचार होता है। ऐसे आयोजनों को हम सब मिलजुल कर कराना चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति अशोक देवांगन, भाजपा घुमका महामंत्री परदेशी सोनबोइर, समाजसेवी तिलेश्वर सिन्हा सहित परिवारजन व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## महतारी वंदन योजना से अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं को होगा अधिक लाभ - रविन्द्र रामटेके



**कहा - महतारी वंदन योजना की शुरुआत होने से महिलाओं में उत्साह**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रविंद्र रामटेके ने कहा कि महतारी वंदन योजना की शुरुआत होने से महिलाओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण नॉर्थ के लिए लाए गए महतारी वंदन योजना से लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ा लाभ होने वाला है। यह जानते हुए कांग्रेस के हाथ पैर लोकसभा चुनाव लड़ने से पहले ही कांपने लगे हैं। विपक्ष कांग्रेस जो कई राज्यों में भाजपा के मुंह की खा चुकी है। उसके पास मुकाबला के लिए कोई योजना नहीं बची है। बस वह योजनाओं की त्रुटियां खोजने में और जनता को बहकाने में लगी है।

श्री रामटेके ने आगे कहा कि महतारी वंदन योजना से सबसे ज्यादा लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग को होने वाला है। उन्होंने कांग्रेस को चैलेंज किया कि सन्निकट लोकसभा चुनाव में महतारी वंदन योजना के समक्ष या इससे ज्यादा लाभ वाली योजना संसदीय निर्वाचन में अपने घोषणा पत्र के माध्यम से लाएं तब मानेंगे कि भाजपा के मुकाबले में सामने खड़ी है। उन्होंने कहा कि सच्चाई तो यही है कि कांग्रेस को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के भाजपा की बढ़ती साख और बढ़ती लोकप्रियता और इसके विरुद्ध कांग्रेस के अस्तित्व संकट को लेकर बड़ी चिंता है। आने वाले दिनों में मोदी सरकार की और छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय सरकार की तथा उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार तमाम भाजपा शासित प्रदेशों में हमारी लोकप्रियता का डंका बज रहा है। बस इसी से कांग्रेस घबराई हुई है और उनकी हार निश्चित है निश्चित क्या कांग्रेस अभी से हार मान चुकी है और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में गड़बड़ी बहाना बना रही है।

### न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी से मिले कलाम खान



राजनांदगांव (दावा)। भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी का कारवां बीते दिनों ओड़िसा के राऊरकेला पहुंचा। इस दौरान नेशनल को-आडिनेटर प्रभारी उड़ीसा अल्पसंख्यक विभाग अब्दुल कलाम खान ने उनसे मुलाकात की। मुलाकात के दौरान अन्य राष्ट्रीय नेता भी मौजूद रहे। ओड़िसा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को अच्छा प्रतिसाद मिला।

### भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्री माथुर से सौजन्य मुलाकात की भारती ने



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश भाजपा महामंत्री बनने के पश्चात रामजी भारती ने छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी ओमप्रकाश माथुर से रायपुर भाजपा कार्यालय में शिष्टाचार भेंटकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कल से डिलापहरी में दिवसीय भव्य मानस महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस भी ग्राम डिलापहरी में जय बजरंग युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में कल 10 व 11 फरवरी को दो दिवसीय भव्य मानस महोत्सव का आयोजन मानस मंच डिलापहरी में आयोजित की गई है, यह आयोजन का 39वीं वर्ष है।

उक्त आयोजन में छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त 16 मानस मंडली क्रमशः डुडा महासमुन्द, कोलर अभनपुर, घुपसाल, मठपुरैना रायपुर, दल्लीराजहरा, चिरचारी खुर्द, तुलसीपुर, जोशीलमती, खपरीकला (बांकल), मारूटोला खुर्द, मौलीपारा कांकेर, गठुला, भटगांव धमतरी, निवारीखुर्द बालोद, सलौनी खैरागढ व रांवाभांठा रायपुर भाग ले रही है। उक्ताशय मंडली की जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष मूलचंद वर्मा ने दी है।

## आवेदन करने वाली हर महिला को मिले महतारी वंदन योजना का लाभ -आसिफ



राजनांदगांव(दावा)। शहर उत्तर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आसिफ अली ने आवेदन करने वाली हर महिला को महतारी वंदन योजना का लाभ देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर महिला को एक हजार रुपए प्रतिमाह देने का वादा किया था। लेकिन सत्ता में आने के बाद नियम और शर्तो में उलझाया जा रहा है। यह प्रदेश की महिलाओं के साथ वादा खिलाफी जैसा है।

**घोषणा पत्र का वादा पूरा करें भाजपा सरकार**

शहर उत्तर ब्लाक अध्यक्ष आसिफ अली ने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए विवाहित महिलाओं की आयु सीमा 21 वर्ष कर दी गई है। यह भी उन महिलाओं के साथ छल है, जिनकी 18 वर्ष की निर्धारित आयु में विवाह हुआ है। ऐसे महिलाएं योजना से वंचित हो रही है। सरकार इसमें संशोधन कर 18 वर्ष से ही महिलाओं को योजना का लाभ देने की जरुरत है। शहर उत्तर ब्लाक अध्यक्ष आसिफ अली ने कहा कि विधवा, परित्यक्ता, तलाक शुदा हर महिला को योजना लाभ मिले। नियम शर्तो का हवाला देकर फार्म निरसत नहीं किया जाना चाहिए।

पहले हर महिला को लाभ देने का वादा और अब नियम शर्ते लागू करना सीधे तौर पर महिलाओं के भावना से खिलवाड़ हैं। शहर उत्तर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अली ने कहा कि आवेदन के लिए कुछ जटिल शर्तें भी रखी गई है।

जिसमें भी सरलीकरण करने की जरुरत है। ताकि हितग्राहियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। वहीं कुछ जरुरी दस्तावेज नहीं होने की स्थिति में आवेदन फार्म को निरस्त करने जैसी कार्रवाई भी नहीं किया जाए।

## दिग्विजय महाविद्यालय की महिला सॉफ्टबॉल टीम बनी अंतर महाविद्यालयीन उप-विजेता



राजनांदगांव (दावा)।शास. दिग्विजय महाविद्यालय की महिला सॉफ्टबॉल टीम शा. आं. पं. श्री गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा अंतरमहाविद्यालय महिला सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता की उप-विजेता रही। इस प्रतियोगिता में कुल 06 टीमों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय का प्रथम मैच आ.सी.एस. महाविद्यालय दुर्ग के साथ था जिसमें दिग्विजय महाविद्यालय की टीम 11-1 से विजेता रही सेमी-फाईनल में दिग्विजय महाविद्यालय का मुकाबला शासकीय.पी.जी. महाविद्यालय भिलाई-03 के साथ थी जिसमें दिग्विजय महाविद्यालय ने 8-1 से जीत दर्ज कर फाईनल में प्रवेश किया। फाईनल मैच शासकीय पी.जी. महाविद्यालय कवर्धा तथा दिग्विजय महाविद्यालय के मध्य खेला गया जिसमें शासकीय पी.जी. महाविद्यालय कवर्धा ने जीत दर्ज की। इस प्रकार दिग्विजय महाविद्यालय इस अंतरमहाविद्यालय प्रतियोगिता में उप-विजेता रही।

दिग्विजय महाविद्यालय की ओर से कप्तान मुस्कान पवार, उप कप्तान ईशा यादव, सुमन सिन्हा, मोनिका निषाद, वीना रंगारी, हेमलता निर्मलकर, कशीश नेताम, हर्षिता यादव, श्रद्धा कसार, कुसुम साहू, खुशबु साहू ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया । अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता हेतु दिग्विजय महाविद्यालय के खिलाडीयों मुस्कान पवार, ईशा यादव व सुमन सिन्हा का चयन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल.टांडेकर ने उप-विजेता बनने पर महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी श्री अरूण कुमार चौधरी तथा पूरी टीम को बधाई एवं अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता हेतु चयनीत खिलाडीयों मुस्कान पवार, ईशा यादव व सुमन सिन्हा को शुभकामना दी।

## भारतीय थलसेना अग्निवीर में भर्ती के लिए 21 मार्च तक ऑनलाईन पंजीयन

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय थलसेना अग्निवीर में भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र युवा 21 मार्च तक ऑनलाईन अपना पंजीयन करा सकते हैं। भर्ती के लिए महिला एवं पुरूष अभ्यर्थी की आयु 31 अक्टूबर की स्थिति में साढ़े 17 से 21 वर्ष होनी चाहिए। 21 वर्ष से अधिक या विवाहित आवेदक भर्ती के लिए योग्य नहीं होंगे।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नये गुड्स शेड का निर्माण**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से **CPM/GSU/द.पू.म. रेलवे**, निम्न दर्शाये कार्य के निष्पादन हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते है:– **क्र. सं.: 1. कार्य का नामः नागपुर मंडल के रसमड़ा स्टेशन में प्लेटफार्म, एप्रोच रोड, ट्रैक वर्क्स सहित नये गुड्स शेड का निर्माण। निविदा सूचना सं.:** CPM-GSU-23-NGP-2023-24. **अनुमानित निविदा मूल्य: ₹** 28,98,18,720.25. **बिड सिक्युरिटी: ₹** 15,99,100/-. बोलीकर्ता अपने मूल/संशोधित बोलियों को केवल दिनांक **29.02.2024** के 15.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निविदा के विरुध्द कोई भी मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं ऐसा कोई मैन्युअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे निरस्त कर दिया जाएगा। विवरण हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

*उप मुख्य अभियंता/जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर.*

अपेक्स/55/231

**स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर**

## अनमोल दावा

**जीवन में अगर खुश रहना है तो,
स्वयं को शांत सरोवर बनाए
जिसमें कोई अंगारा भी फेंके तो,
खुद बखुद बुझ जाए।**

## परीक्षाओं में गड़बड़ी पर नकेल कसने के लिए संसद में लाया गया विधेयक, अब होगी सख्त कार्रवाई

परीक्षाओं में नकल, समय से पहले प्रश्न-पत्रों का बाहर आ जाना और अन्य प्रकार की अवांछित गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए कई तरह की कवायदें की जाती रही हैं।

मगर आज भी इस समस्या पर काबू पाना एक मुश्किल काम बना हुआ है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों से परीक्षाओं के आयोजन के दौरान बहुस्तरीय निगरानी और सख्ती की वजह से नकल और चोरी जैसी गतिविधियों में कमी देखी गई है, मगर प्रश्न-पत्रों के बाहर आने से लेकर अभ्यर्थी की जगह किसी अन्य को परीक्षा में बिठाने जैसी शिकायतें अब भी आती हैं। सबसे बड़ी मुश्किल वहां खड़ी होती है, जहां संगठित रूप से किसी गिरोह की ओर से परीक्षाओं में नकल या अन्य गैरकानूनी तौर-तरीके आजमाए जाते हैं, जिसमें कई स्तर पर परीक्षाओं के आयोजन से जुड़े कुछ लोग भी भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त होते हैं। यही वजह है कि बहुत ज्यादा सख्ती के बावजूद प्रश्न-पत्र लीक होने से लेकर नकल जैसे मामलों पर पूरी तरह रोक लगा पाना संभव नहीं हो सका है।

अब केंद्र सरकार ने परीक्षाओं में हर तरह की गड़बड़ी पर रोक लगाने के लिए जो विधेयक संसद में पेश किया है, उसके कानून बनने के बाद नकल या अवांछित गतिविधियों पर काबू पाने की उम्मीद बंधी है। लोकसभा में पेश लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण विधेयक, 2024 के तहत मुख्य जोर परीक्षा के लिए तैयार किए गए प्रश्न-पत्रों तक पहुंच हासिल करने और उन्हें उम्मीदवारों तक पहुंचाने के लिए अनुचित तरीकों से शामिल संगठित गिरोहों पर नकेल कसने पर दिया जाएगा। इसके दायरे में फिलहाल संघ लोकसेवा आयोग, बैंकिंग, नीट, जेईई, एसएसबी, आरआरबी और सीयूईटी आदि परीक्षाएं आएंगी। नए कानून के तहत दस वर्ष तक की कैद और एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। जाहिर है, इस स्तर की सख्ती किसी को भी परीक्षा से संबंधित गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने से रोकेगी। मगर ध्यान रखने की जरूरत है कि प्रश्न-पत्र लीक कराने से लेकर अन्य किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले गिरोह दरअसल परीक्षा आयोजन से जुड़े तंत्र में घुसपैठ करके भ्रष्ट गतिविधियों को अंजाम देते हैं। इसलिए सजा में सख्ती के साथ इस तरह की घुसपैठ को रोकने के लिए एक ठोस तंत्र की जरूरत है।

# उत्तराखंड समान नागरिक संहिता : लिव-इन में रहने वाले लोग अब कैसे प्रभावित होंगे

**सौतिक बिश्वास**

उत्तराखंड में एक नया बिल पारित होने के बाद अब वहाँ रहने वाले या रहने की योजना बना रहे लिव-इन जोड़ों को सरकार को अपने रिलेशनशिप के बारे में जानकारी देनी होगी. उत्तराखंड विधानसभा ने इसी सप्ताह यूनिफ़ॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता या यूसीसी) को मंज़ूरी दी है. इस नए बिल के एक अहम प्रावधान के अनुसार धर्म, लिंग और सेक्स को लेकर व्यक्ति की पसंद की परवाह किए बग़ैर राज्य के सभी निवासियों पर समान पर्सनल लॉ लागू होगा. हालांकि कुछ आदिवासी समुदायों को इस बिल के दायरे से बाहर रखा गया है. बिल के इस एक प्रावधान ने इस पूरे बिल से अधिक ध्यान खींचा है.

भारत के अधिकतर हिस्सों में अब भी साथ में रह रहे अविवाहित जोड़ों को पसंद नहीं किया जाता. इस तरह के रिश्तों को आम तौर पर लिव-इन रिलेशनशिप कहा जाता है. इस नए बिल के तहत एक पुरुष और एक महिला जोड़े को पार्टनर्स कहा गया है. छोड़कर पॉडकास्ट आगे बढ़ें दिनभर दिनभर पूरा दिन, पूरी ख़बर वो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख़बरें जो दिनभर सुर्ख़ियां बनीं. दिनभर पूरा दिन, पूरी ख़बर समाप्त नए बिल के अनुसार, इस तरह के जोड़ों को अपने लिव-इन रिलेशनशिप के बारे में रजिस्ट्रार को बयान देना होगा, जो इस मामले में तीस दिनों के भीतर जांच करेंगे. जांच के दौरान ज़रूरी होने पर पार्टनर्स को और अधिक जानकारी या सबूत पेश करने को कहा जा सकता है. लिव-इन रिलेशनशिप के बारे में दिए बयान को रजिस्ट्रार स्थानीय पुलिस के साथ साझा करेंगे और अगर जोड़े में किसी एक पार्टनर की उम्र 21 साल से कम हुई तो उनके अभिभावकों को भी सूचित किया जाएगा. अगर जांच के बाद अधिकारी संतुष्ट हैं तो वो एक रजिस्टर में पूरी जानकारी दर्ज करेंगे और जोड़े को एक सर्टिफ़िकेट जारी करेंगे. ऐसा न होने पर पार्टनर्स को सर्टिफ़िकेट न जारी करने के कारणों के बरे में बताया जाएगा. बिल के अनुसार, अगर जोड़े में एक पार्टनर शादीशुदा है या नाबालिग़ है या फिर रिश्ते के लिए ज़ोर-जबर्दस्ती या फिर धोखाधड़ी से सहमति ली गई है तो रजिस्ट्रार लिव-इन रिलेशनशिप की रजिस्ट्री करने से इनकार कर सकते हैं. बिल में लिव-इन रिलेशनशिप को ख़त्म करने के बारे में प्रावधान किया गया है. इसके अनुसार, रजिस्ट्रार के पास एक आवेदन देकर और दूसरे पार्टनर को इसकी एक प्रति



देकर रिश्ते को ख़त्म किया जा सकता है. इसकी जानकारी भी पुलिस को दी जाएगी. अगर पार्टनर लिव-इन रिलेशनशिप के बारे में रजिस्ट्रार को अपना बयान नहीं देते और रजिस्ट्रार को इस बारे में शिकायत या जानकारी मिलती है तो वो इस बारे में पार्टनर्स को जानकारी सबमिट करने को कह सकता है. इसके लिए उन्हें 30 दिनों का वक़्त दिया जाएगा. अधिकारियों को जानकारी दिए बग़ैर, अगर कोई जोड़ा एक महीने से अधिक वक़्त तक लिव-इन में रहता है तो इस मामले में उन्हें तीन महीनों की जेल, 10 हज़ार रुपये का जुर्माना या दोनों ही हो सकती है. लिव-इन रिलेशनशिप के बारे में रजिस्ट्रार को ग़लत जानकारी देने या फिर जानकारी छिपाने के मामले में पार्टनर्स को तीन महीनों की जेल, 10 हज़ार रुपये का जुर्माना या दोनों ही हो सकती है.

इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि इस बिल के प्रस्तावित मसौदे की क़ानून के जानकार आलोचना कर रहे हैं. सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ वकील रेबेका जॉन कहती हैं, कुछ साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने ये फ़ैसला दिया था कि निजता एक मौलिक अधिकार है. दो वयस्कों के बीच सहमति से बने रिश्ते के मामले में राज्य को दखल नहीं देना चाहिए. इस प्रावधान को जो बात और ख़तरनाक बनाती है, वो ये है कि अपने रिश्ते को रजिस्टर न करने की सूरत में एक जोड़े को सज़ा भी झेलनी पड़ सकती है. ख़तरनाक प्रावधान है, जिसे हटाया जाना चाहिए. मौजूदा वक्त में भारत में लिव-इन रिश्तों को साल 2005 के घरेलू हिंसा क़ानून के दायरे में रखा जाता है, जिसके अनुसार घरेलू रिश्ते की परिभाषा दूसरे रिश्तों की तर्ज पर दो लोगों के बीच ऐसा रिश्ता है जिसकी प्रकृति शादी के रिश्ते की तरह हो. भारत में काम की तलाश में युवा बड़ी संख्या में बड़े शहरों का रुख़ करते हैं. इनमें से कई पारंपरिक शादी और इससे जुड़ी व्यवस्था का विरोध करते हैं. ऐसे में यहाँ अविवाहित जोड़ों का साथ रहना इतना असमान्य भी नहीं है. साल 2018 में एक लाख 60 हज़ार परिवारों पर हुए एक सर्वे में ये पाया गया कि 93 फ़ीसदी शादियां अरेंज्ड मैरिज हैं जबकि तीन फ़ीसदी लव मैरिज. हालांकि अलग-अलग सर्वे में शादी को लेकर अलग-अलग आँकड़े देखने को मिलते हैं. मई 2018 में इनशॉर्टस ने इंटरनेट के ज़रिए एक लाख 40 हज़ार लोगों का सर्वे किया था. इस सर्वे में शामिल होने वाले 80 फ़ीसदी लोगों की उम्र 18 से 35 के बीच थी. सर्वे में पाया गया कि 80 फ़ीसदी लोगों का मानना है कि लिव-इन रिलेशनशिप को भारत में असामान्य माना जाता है, वहीं 47 फ़ीसदी का मानना था कि शादी में दोनों की सहमति होनी चाहिए. साल 2023 में लायन्सगेट प्ले ने 1000 भारतीयों के बीच एक सर्वे किया था, जिसमें ये पाया गया कि हर दो में से एक भारतीय को लगता है कि अपने पार्टनर को बेहतर समझने के लिए साथ रहना ज़रूरी है.

बीते सालों में भारतीय अदालतों ने भी लिव-इन रिश्तों को नापसंद करते हुए टिप्पणियां दी हैं. 2012 में दिल्ली की एक अदालत ने लिव-इन रिलेशनशिप को अनैतिक कहा और इस तरह के रिश्तों को शहरी सनक और पश्चिमी सभ्यता का बदनाम उत्पाद कहते हुए ख़ारिज कर दिया. हालांकि इस तरह के रिश्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख़ सकारात्मक रहा है. 2010 में सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में साथ रहने के अविवाहित जोड़ों के अधिकार का समर्थन किया था. ये मामला एक कलाकार खुशबू से जुड़ा था, जिसमें उन पर सार्वजनिक तौर पर शालीनता को ठेस पहुँचाने वाले बयान देने का आरोप था. ख़ुशबू ने 2005 में विवाह पूर्व यौन संबंध को लेकर कहा था कि महानगरों की लड़कियां अब यौन इच्छाओं को दबाती नहीं हैं, इस बारे में उनके विचार खुले हुए हैं. उन्होंने भी कहा था कि यौन शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए और माता-पिता को इसकी शिक्षा देनी चाहिए.

साल 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने संसद से कहा कि वो लिव-इन रिलेशनशिप में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क़ानून लागू करे. कोर्ट ने कहा कि सामाजिक तौर पर मान्यता न दिए जाने के बावजूद इस तरह के रिश्तों को अपराध या पाप की तरह न देखा जाए. एक मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि इस तरह के रिश्तों में महिलाओं को घरेलू हिंसा क़ानून के तहत सुरक्षा मिली हुई है. इस क़ानून के तहत दी गई घरेलू रिश्ते की परिभाषा के दायरे में लिव-इन रिलेशनशिप भी शामिल है. उत्तराखंड के क़ानून के अनुसार, लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही महिला से पुरुष अलग हो जाता है तो वो अदालत से मदद और अपने भरणपोषण के लिए मदद मांग सकती है. इस तरह के रिश्तों से जन्मे बच्चे को भी क़ानूनी उत्तराधिकारी माना जाएगा. कइयों को ये डर है कि उत्तराखंड में नया क़ानून लागू होने के बाद यहाँ साथ में रह रहे जोड़ों के मन में डर पैदा हो सकता है. उनके खिलाफ़ जानकारी देने के मामले बढ़ सकते हैं और जिन जोड़ों की रजिस्ट्री नहीं हुई है, उन्हें किराए पर घर मिलना मुश्किल हो सकता है. जानकारों का ये भी कहना है कि लिव-इन जोड़ों की गिनती करना और उनके मामले रजिस्टर करना भी मुश्किल हो सकता है, ख़ास कर तब जब 2011 से देश में जनगणना नहीं हुई है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 61: राम-लक्ष्मण ने अहल्या का आतिथ्य स्वीकार किया

**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम द्वारा शिला को स्पर्श करते ही अदृश्य अहल्या अब सबको दिखाई देने लगी। गौतम ऋषि के श्राप के कारण भगवान श्री राम के दर्शन होने से पहले अहल्या को अन्य सभी की आंखों से अदृश्य ही रहना था। आज उनकी हजारों वर्षों की तपस्या पूरी हुई। उन्होंने धनुष और बाण लिए हुए पीतवस्त्रधारी श्री राम को देखा।अहल्या भाव विभोर हो गई। उनकी आंखों से आंसुओं की धारा बहने लगी।

श्री राम ने कहा, ''माता! आपकी तपस्या पूरी हो गई है। मैं राम हूं और आपसे मिलने के लिए यहां आया हूं।''

अहल्या ने श्री राम के चरण स्पर्श किए। भावातिरेक में उनकी वाणी अवरुद्ध हो रही थी। अहल्या ने श्री राम का स्वागत करते हुए कहा, ''अहोभाग्य मेरा! श्री राम मेरे आश्रम में पधारे हैं।'' अहल्या ने गुरु विश्वामित्र को प्रणाम किया। लक्ष्मण जी ने हाथ जोड़कर अहल्या का अभिवादन किया।

पुनः श्रीराम को देखकर अहल्या की प्रसन्नता द्विगुणित हो गई। श्री राम के स्थान पर अब उसे श्री हरि विष्णु दिखाई दे रहे हैं। वे रेशमी पीतांबर धारण किए हुए, उनकी चारों भुजाओं में शंख, चक्र, गदा और पद्म है। कानों में सुंदर रत्नों से जड़ित कुंडल है। उनकी आंखें कमलदल के समान सुंदर और मुख पर चिर परिचित मुस्कान है।

''अहोभाग्य मेरा, श्री राम आप साक्षात श्री हरि विष्णु हैं। मेरे आश्रम में मेरे श्री राम आए हैं। आपका गौतम ऋषि के इस आश्रम में स्वागत है भगवान!'' ऐसा कहते हुए अहल्या ने तीनों का भावपूर्ण स्वागत किया।

श्री राम ने अहल्या की साधना की प्रशंसा करते हुए कहा, ''मुझे इस बात का दुख है माता कि आपको इतनी लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ी। मुझे भी पूर्व में आपके विषय में ज्ञात नहीं था अन्यथा मैं बहुत पहले आपसे भेंट के लिए यहां पहुंच चुका होता।'' तप का प्रभाव कभी क्षीण नहीं होता। अहल्या जिस तरह श्री राम के देखते ही सबके लिए दृष्टिगोचर हो गई। उसी तरह संपूर्ण आश्रम क्षेत्र ने भी थोड़ी ही देर में अपने प्राचीन गौरव को प्राप्त कर लिया। यह अहल्या की तपस्या का प्रभाव है।

(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है। श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है, लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों-युगों तक इसकी उपयोगिता है। श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं।इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

## कविता

### अंतिम आदमी

देश का अंतिम आदमी
बेचारा बेसहारा
सरकार की योजनाओं का
वह तो बस इंतजार करता है।
देश का अंतिम आदमी
जब भी आवेदन करता है
तो उसके पास कोई ना कोई
कागज की कमी रहती है।
देश का अंतिम आदमी
जब भी दफ्तर जाता है
उसके पास पीछे एक
आदमी और खड़ा होता है।
वह आदमी सिद्ध नहीं कर
पता कि मैं ही अंतिम व्यक्ति हूं
उसे सिद्ध करने के लिए
फिर दफ्तरों के चक्कर
लगाने पड़ते हैं ।
उसे फिर बताया जाता
कि उसका नाम ही नहीं है
देश का अंतिम आदमी
जब भी उम्मीद लगाता है
तो उसको धोखा दिया जाता है
उसका नंबर ही नहीं आता है
देश का अंतिम आदमी
जब भी सच्चाई देखता ।
अपने को छला हुआ पता है
जो पीछे एक आदमी और
खड़ा है जो अपने को देश
अंतिम व्यक्ति बताता है।
देश का अंतिम आदमी
जब भी आवाज उठाता है
तो उसको चुप कराया जाता है
यह कह कर उसे रोका जाता है
कि तेरे पीछे और भी हैं।
देश का अंतिम आदमी
जब भी जीना चाहता है
तो उसको मरना पड़ता है
क्योंकि उसका जीवन ही नहीं है।




**गिरीश ठक्कर 'स्वर्गीय', बंद फौव्वारा चौक**

## शब्द सामर्थ्य -328

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. रूचिकर लगने वाली, रुचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 327 का हल**



## सु- दोकू क्र.328



**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सु-दोकू क्र.327 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## संक्षिप्त बिस्लेशन

### //नोनी मन हे असुरक्षित//

मानुष जिनगी के दू मजबूत चक्का (पहिया) होथे नर अउ नारी। गाड़ी के आघू बढ़ना दूनों के बिना मुश्किल हे। त फेर आजकल हमर समाज म दिनोंदिन ये का घटना सुने अउ देखे बर मिलत हे? नान-नान लइका मन हवस के शिकार बनत हे। अइसन घटना अउ दहशत काबर होत हे? एक तरफ देखे जाय त देश सरलग तरक्की करत हे अउ दूसर तरफ देखबे त नाबालिग के जीना मुश्किल होगे हे। येखर कारण ये हरय कि सही उम्र म सही जानकारी उन लइका ल नइ मिल पाना।

आजकल फैशन ह भारी पड़त हे। कोनो भी एक मनखे ऊपर ऊँगली उठाना गलत होही; ''ताली दूनों हाथ ले बजथे, एक हाथ ले नहीं।''आजकल के नाबालिक जेन सोलह-सत्रह साल के टूरी (लड़की)मन ल नान-नान कपड़ा पहिरे के का जरूरत हे। अंग प्रदर्शन करे ले का लाभ होथे? शरीर ल ढँके ले ऊँखर पहिचान लुका जाही या फेर ओमन मनखे नइ कहलाही? ये सब के जानकारी माँ-बाप ल देना चाही। ''गुड़ ह खुल्ला रथे तभे माछी बइठथे''। हमर हिंदू धर्म म कपड़ा के विशेष महत्व हे। हम दूसर के देखासिखी काबर करन; कपड़ा के संगे संग लोगन के सोच घलो छोटे होत जात हे। लेकिन सवाल उठथे की दो-चार साल के लइका मन ले छोटे कपड़ा अउ फैशन ले का लेना-देना हे। ओखर मन के का दोष हे? सिर्फ लड़की के ही नहीं लड़का मन ल भी ध्यान देना चाही की ये नान-नान लइका के हत्या करे ले का मन शांत होही? देवी के रूप जेन नवरात्रि म घर-घर जा के पूजा संपन्न करथे उही लइका ल शिकार बना के का लाभ होथे? जेन पूरा संसार के रचना करथे, जेकर बिना संसार अधूरा हे आज ऊंखरे ऊपर गलत नजरिया डालत हे? ये बात तो सोचना ही नहीं हे की नारी नइ होही त संसार के का होही?

सोशल मीडिया - सोशल मीडिया यानी मोबाइल, इंटरनेट, यू ट्यूब.....। अइसने न जाने कतको अकन ऐप हे जेन ल नान-नान लइका मन देख - देख के बिगड़त हे। मोबाइल के गलत उपयोग करत हे। मोबाइल कोनो बुरा जिनीस नो हरय, ओहर सामने वाला मन ऊपर हे की कइसे उपयोग म लाना हे। मोबाइल के बिना तो काखरो काम सम्भव नइ हे, लेकिन सही उपयोग होही तब। किसम-किसम के वीडियो, फोटो ल देख-देख के लइका मन के दिमाग म बुरा असर पड़थे। हम इंटरनेट ल तो नइ रोक सकन फेर अपन लइका ल तो रोक सकत हन न।

पढ़ाई-लिखाई बर मोबाइल ल ज्यादा सहूलियत माने जाथे। ओखर कारण आजकल के लोग-लइका मन ल मोबाइल धरे ले कोनो रोक-टोक नइ सकय। संस्कार अउ वातावरण-संस्कार के बात आथे त माँ-बाप , बड़े बुजुर्ग के शिक्षा अउ संस्कार ऊपर पहिली सवाल खड़े होथे। लइका कोनो ल गारी देही या गलत काम करही त सीधा यही बोलथे तोर दाई-ददा इही ल सिखाए हे का? घर के रहन-सहन लइका के दिमाग म बड़ असर डालथे। जइसन काम बड़े मन करथें उन ल देख के लइका मन घलो करथें ''जइसे-जइसे घर-दुवार तइसे-तइसे फइका, जइसे-जइसे दाई-ददा वइसे-वइसे लइका''। पारा-मुहल्ला, अड़ोसी-पड़ोसी, संगी-साथी मन के घलो संगति के असर होथे। गलत संगति हर लइका ल बिगाड़ के रख देथे। ये सब के विशेष ध्यान घर के बड़े ल देना चाही। लइका का करत हे, कोन संगी-साथी हे। कुछ गलत काम तो नइ करत हे न। लइका ल पूजा-पाठ, आस्था, धर्म, वेद-पुराण के बात सिखाना मां-बाप के जिम्मेदारी बनथे। अगर हम लइका ल नारी के इज्जत करना सिखाबो, ओखर मन म ये बीज बो देबो की नारी-बहन, माँ, बेटी अउ ये संसार म जतेक नारी ले संबंधित रिश्ता-नाता हे, नारी देवी के रूप हरे। त कोनो भी नारी के ऊपर गलत नजरिया नइ डारही। आज भी सब जानत हे की नारी देवी के रूप हरे, लेकिन अगर पूजा-पाठ अउ आस्था मन म जिंदा हे उही मनखे मन नारी, बहू, बेटी के इज्जत करथें। लइका कोनो गलत काम करत हे ओला मां-बाप सजा देथे। दू झापड़ मार देथे, दूसर लइका देख के डर जाथे की गलत काम म मार परथे। नाबालिग संग कोनो गलत होवत हे त मनखे के संगे संग कानून ल भी कड़क सजा सुनाए के हक हे। नाबालिग संग दुराचार करत हे तुरते फांसी चढ़ा दे। दूसर के हिम्मत नइ होही कोनो भी लइका ल हाथ लगाए के। वइसे एक नवा कानून बने हे की अइसन अपराधी मन ल बीस साल के सजा सुनाही। अब कतेक कम होही की बढ़ जाही ये तो बाद म पता चलही। लेकिन हम पर मनखे म भरोसा तो नइ कर सकन। ज्यादातर मां-बाप मन बाहर कमाए ल जाथे त अपन तीन-चार साल के लइका ल आया या फेर पड़ोसी के भरोसा छोड़ के चल देथे लेकिन पड़ोसी के मन म का हे ओला कोनो नइ जान सके। संगे संग अपन लइका ल सिखाना चाही की कोनो गलत बात करत हे या चॉकलेट, बिस्कुट दे के बहाना बहकावत हे त ओला उहां ले भाग जाना हे अउ घर के लोगन ल बिल्कुल खबर करना हे, अब्बड़ अकन बात हे जेमा नाबालिग मन गलत हाथ म जाए बर बच सकथें। ये बात सिर्फ बोले अउ पढ़े बर नइ, ये बात के सब ल अमल करना चाही, एकता अउ विश्वास ले मनखे के अब्बड़ अकन काम बन जाथे, बने संस्कार, शिक्षा ही मनखे ल मनखे बनाथे, नइ ते पशु अउ मनखे म कोनो अंतर नइ रही जाही।



**प्रिया देवांगन ''प्रियू''**

## राशिफल



**मेष**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखें। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। आज आप कोशिश करेंगे कि आपका व्यवहार सभी के प्रति अच्छा हो और किसी की भावनाओं को भी ठेस न पहुचे। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आज आपको सोच-समझकर लेने चाहिए।



**वृषभ**
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपको काम को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी नहीं तो आपका काम अधूरा रह सकता है। जो लोग आपको अभी तक ताना दे रहे थे आज उनको कुछ कर दिखाने का दिन है, आप जिस भी काम को करेंगे उसमे आपको सफलता के योग बन रहे हैं।



**मिथुन**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। व्यापार में आज आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। आपका सही मार्गदर्शन घर के सभी सदस्यों के दिल में एक- दूसरे के प्रति प्यार बढ़ा देगा।



**कर्क**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपको ऑफिस में देर तक रुकना पड़ेगा। इस राशि के छात्रों को आज पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है, जल्द ही सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।




**सिंह**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आज आपके पारिवारिक रिश्तें में मधुरता बढ़ेगी। सभी लोग हंसी-खुशी रहेंगे। फैमिली की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खर्च और खरीदारी करते समय संतुलन बनाकर चलना होगा, बचत की ओर खासतौर पर ध्यान देना होगा।



**कन्या**
आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। परिवार वाले आज आपको अच्छी राय देंगे। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से करेंगे जिससे आपके जूनियर और सीनियर सभी तारीफ करेंगे, आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा साथ ही आपकी रेस्पेक्ट में भी इजाफा होगा। आज आपके व्यापार में उम्मीद से अधिक धन लाभ होगा।



**तुला**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के कॉलेज के स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। बड़ों का सहयोग आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे।



**वृश्चिक**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कोई मित्र आपसे मिलने आपके घर आ सकता है जिसे सामने देखकर आपको यकीन नहीं होगा, मित्र से कुछ निजी समस्याओं पर बात करके आपको हल्का महसूस होगा। बच्चे आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे।



**धनु**
आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा। आने वाले समय में आपकी महत्वकांक्षाएं बढ़ेगी, जिसे पूरा करने के लिए आप कड़ी मेहनत करेंगे। आज हर कोई आपकी बातों से प्रभावित होगा। आज कुछ नई जिम्मेदारियां मिलेगी।



**मकर**
आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आप ज्यादा समय परिवार के साथ बिताएंगे। आज आपके लिए कोई फैसला करना थोडा मुश्किल होगा। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं जाने का प्लान कैंसिल करना पड़ सकता है।



**कुंभ**
आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप किसी रिश्तेदार से मिलने, उनके घर जाएंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्र तैयारी जारी रखेंगे। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।



**मीन**
आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे। आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे तो आप आगे आने वाली किसी समस्या से बच जाएंगे। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे।

# डोंगरगढ़ पुलिस की अवैध मवेशी तस्करी पर कार्यवाही

**o बिना चारा-पानी के क्रूरता पूर्वक ट्रक में भरकर ले जा रहे थे 34 नग मवेशी**
**o ग्रामीणों एवं पुलिस के संयुक्त घेराबंदी से पकड़ा गया मवेशियों से भरा ट्रक**



डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के द्वारा जिला में अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर अवैध कार्यों पर लगाम लगाने हेतु आदेशित किया गया है। साथ ही जिले के ग्रामों में ग्रामीणों के बीच पंहूचकर ग्रामीणों से अवैध शराब बिक्री, अवैध कारोबार, अवैध परिवहनों एवं अन्य अवैध गतिविधियों के संबंध में सूचना मिलने पर पुलिस को सूचना देने एवं सहयोग करने की अपील किया जा रहा है।

जिसके परिणाम स्वरूप 8 फरवरी के रात्रि करीबन 1 बजे ट्रक क्रमांक-सीजी 04/एनआर 9681 के चालक द्वारा ट्रक में अवैध रूप से मवेशियों को ठुस-ठुस कर निर्दयता पुर्वक भरकर कत्लखाना धमधा की ओर से डोंगरगढ़ होते हुये नागपुर ले जा रहे है कि सूचना पर प्रार्थी भारत साहू पिता बह्लू राम साहू उम्र 23 साल निवासी मुरमुंदा थाना कुम्हारी जिला दुर्ग छग के द्वारा पुलिस को नाकाबंदी करने की सूचना देकर स्वयं अपने दोस्तों के साथ दुर्ग से ग्राम देवकट्टा थाना डोंगरगढ़ मेन रोड में आकर ट्रक को रूकवाने का कोशिश किया जो ट्रक क्रमांक सीजी-04/ एन आर 9681 के चालक द्वारा ट्रक वाहन को भगाते हुये डोंगरगढ़ की ओर ले जा रहा था तब ग्राम कलकसा पुलिया के पास ग्रामीणों द्वारा एक अज्ञात ट्रक को आड़ा कर लगा दिया। तब ट्रक चालक ट्रक को रोककर ट्रक से कुदकर भाग गया। ट्रक को चेक करने पर ट्रक में अवैध रूप से कमजोर मवेशियों को बिना चारा पानी दिये ठुस-ठुसकर निर्दयता पूर्वक कुल 34 नग मवेशियों से भरा हुआ। ट्रक के चालक द्वारा अपने वाहन में मवेशियों को बिना चारा पानी दिये ठुस-ठुसकर निर्दयता पुर्वक भरकर कत्लखाना नागपुर ले जा रहे थे। जिसकी सूचना प्रार्थी द्वारा थाना डोंगरगढ़ को देने पर वैधानिक कार्यवाही करते हुये कुल 34 नग मवेशी कीमती करीबन 68000 रूपये एवं ट्रक क्रमांक- सीजी-04/एनआर9681 कीमती लगभग 700000 रूपये जुमला किमती 768000 रूपये को जप्त कर ट्रक क्रमांक सीजी-04/एनआर 9681 के अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा- पशु क्रूरता अधिनियम, छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, छ.ग. पशु परिवहन अधिनियम के तहत कार्यवाही कर अज्ञात फरार आरोपी का पता तलाश किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्य रूप से गौ रक्षक के रूप में भिलाई गौ सेवक के साथ-साथ डोंगरगढ़ के ऋषभ ढकहा, पुष्प तराने, विमल अग्रवाल, मुकुंद कडरा, हिमांशु गुप्ता, एकांत यादव द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

# मुस्लिम समाज के धर्मगुरूओं ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**0 मुफ्ती सलमान अजहरी साहब पर लगे इल्जाम को खत्म करने की मांग की**

राजनांदगांव (दावा)। मुस्लिम समाज के सभी मस्जिदों के धर्म गुरुओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एक भाषण देने के मामले में गुजरात पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए मुफ्ती सलमान अजहरी साहब की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए जिलाधीश के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम पर ज्ञापन सौंपा था और तत्काल उनकी रिहाई की मांग की गई थी।

मुस्लिम समाज के मिडिया प्रभारी सैय्यद अफजल अली ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के सभी मस्जिदों के धर्मगुरुओं ने जिलाधीश को ज्ञापन सौंपते हुए इस कार्रवाई को द्वेषपूर्ण बताया है, वहीं उन्होंने अपने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से मुफ्ती साहब के ऊपर लगाये गए इल्जाम को खारिज करते हुए उन्हें इस ईल्जाम से बाईज्जत बरी करने की मांग की है। देशभर में मुस्लिम धर्म गुरुओं के द्वारा सलमान अजहरी साहब की गिरफ्तारी के विरोध के बाद न्यायालय ने उन्हें जमानत दे दी है। वहीं अब समाज के धर्मगुरुओं ने उनके ऊपर लगे इल्जाम खारिज कर उन्हें बाईज्जत बरी किए जाने की अपील की है।

गुजरात के जूनागढ़ के एक कार्यक्रम में एक भाषण देने के मामले में गुजरात पुलिस ने 5 फरवरी को इस्लामिक उपदेशक मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी साहब को गिरफ्तार किया था, उनकी गिरफ्तारी के बाद मुल्क भर में इस्लामिक धर्म गुरुओं ने गिरफ्तारी का विरोध किया था।

राजनांदगांव शहर में भी यहां की सभी मस्जिदों के ईमाम, हाफिज, कारी, मुदर्रिशों ने मंगलवार को राजनांदगांव कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। अपने ज्ञापन में मुस्लिम समाज के धर्मगुरुओं ने कहा है कि मुफ्ती सलमान अजहरी साहब के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश गया है। राजनांदगांव शहर जमा मस्जिद के ईमाम मोहम्मद कासीम रजा बरकाती सहाब का कहना है कि देश का मुसलमान हमेशा अमन और शांति चाहता हैं। मुफ्ती सलमान अजहरी साहब के फिलिस्तीन पर जारी बयान को गलत तरीके से पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि देश की न्यायालय पर हमें पूरा भरोसा है कि मुफ्ती साहब को इंसाफ मिलेगा।

देशभर में मुस्लिम धर्मगुरुओं के द्वारा मुफ्ती सलमान अजहरी साहब की गिरफ्तारी के विरोध के बाद न्यायालय ने उन्हें जमानत दे दी है। वहीं अब समाज के धर्मगुरुओं ने उनके ऊपर लगे इल्जाम खारिज कर उन्हें बाईज्जत बरी किए जाने की अपील की है, जिसमें शहरे ईमाम हाफिज मो. कासीम रजा बरकाती जामा मस्जिद के साथ हाफिज मो. यूसुफ रजा गोलबाजार मस्जिद, हाफिज मो. अंसार हबीबी शाहे मदीना मस्जिद, हाफिज मो. अली गौरी नगर मस्जिद, हाफिज सलीम रजा कन्हारपुरी मस्जिद, हाफिज युसूफ रजा, हाफिज शाहिद रजा, हाफिज साहिल रजा, हाफिज मो. सफी उल्लाह, हाफिज मोबस्सिर, हाफिज यासीन, हाफिज नसीम, हाफिज अफसान, हाफिज ओसाफ नजीर मोज्जन और बड़ी संख्या में इमाम, हाफिज, कारी, मुदर्रिश शामिल थे।

# पहला कॉलम...

## सांगिनकछार में 10 से 18 फरवरी तक श्रीमद् देवी भागवत कथा

डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र के ग्राम सांगिनकछार श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन शनिवार 10 से 18 फरवरी तक किया जा रहा है. कथावाचक पंडित अशोक तिवारी होगें और प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं दोपहर 2.30 बजे से संध्या 5 बजे तक श्रोतागण कथा रसपान करेंगें. आयोजन के विषय में ग्राम के जितेन्द्र सिन्हा ने बताया कि देवी भागवत का शुभारंभ 11 फरवरी रविवार जन्मे जय प्रसंग से होगा. 12 फरवरी को श्रीराम शक्ति पूजा, 13 फरवरी कृष्ण की शक्ति पूजा, 14 फरवरी महालक्ष्मी चरित्र, 15 फरवरी शिव पार्वती विवाह, 16 फरवरी देवी शाकंभरी दुर्गा अवतार, 17 फरवरी अवतार, 18 फरवरी को कथा विराम गीता, पुष्प वर्षा, हवन पूर्णाहुति होगी. आयोजक भूषण साहू, कातिक साहू, रामाधीन साहू एवं संगीनकछार के समस्त ग्रामवासी इस धार्मिक आयोजन का लाभ लेने कहा है.



## कल से स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर

डोंगरगढ़ (दावा)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कल 10 फरवरी से 15 फरवरी तक फाइलेरिया हाथी पांव जैसी गंभीर बिमारी से बचाव के लिए मुफ्त में दवा खिलाई जाएगी। जिसमें दो वर्ष से अधिक सभी आयु वर्ग के व्यक्तियों को दवा का सेवन करना है।

विभाग द्वारा शहरवासियों से निवेदन किया गया है कि सभी व्यक्ति अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर हाथी पांव से बचाव की दवा का सेवन करें तथा स्कूलों में अपने बच्चों को हाथी पांव से बचाव की दवा का सेवन अवश्य करवाए और हाथी पांव जैसी गंभीर बीमारी से अपने परिवार को बचाएं यह दवा पूर्ण रूप से सुरक्षित है। भूल ना जाना 10 फरवरी को है, हाथी पाव की दवाखाना स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा जनहित में जारी किया गया है।

## जनपद पंचायत बालोद के विभिन्न ग्राम पंचायतों में निकासी बैठक आयोजित

बालोद (दावा)। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में संपादित मनरेगा कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण उपरांत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में प्राप्त निष्कर्षो के आधार पर संबंधित ग्राम पंचायतों की ग्रामसभा द्वारा अनुसंशित निष्कर्षो के निराकरण हेतु 05 फरवरी को जनपद पंचायत बालोद के ग्राम पंचायत कार्यालय जगन्नाथपुर अंगारी, करहीभदर में कलस्टरवार निकासी बैठक का आयोजन किया गया। निकासी बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी सुश्री प्राची ठाकुर, जिला सामाजिक अंकेक्षण प्रदाता श्रीमती रेणुका सेन, जिला समन्वयक प्रेम देवांगन, परियोजना अधिकारी जनपद पंचायत बालोद एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधी उपस्थिति थे। निकासी बैठक में कुल 86 प्रकरणों में अनुशंसा उपरांत कुल 08 प्रकरणों में 19,046 रूपये की राशि वसूली हेतु आदेशित किया गया है। जिसमें 03 प्रकरणों में कुल 1,512 रूपये की राशि पूर्ण वसूली की गई एवं 17,534 रूपये की राशि वसूली किया जाना शेष है।

## कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना के तहत आवेदन प्राप्त करने आयोजित शिविरों का लिया जायजा




खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने आज गुरुवार को राज्य शासन की नवीनतम महतारी वंदन योजना के तहत आवेदन प्राप्त करने के लिए आयोजित विशेष शिविर व केंद्रों का जायजा लिया। उन्होंने शिविर व केंद्रों में योजना से लाभान्वित होने उत्साहित महिलाओं को अधिकाधिक और व्यवस्थित ढंग से आवेदन प्रदान करने सम्बन्धित अधिकारियों निर्देश दिए। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने इस दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर मदराकोही, सलोनी, रेंगाकठेरा, पवनतरा एवं जालबांधा में लगाए गए शिविर व फॉर्म वितरण केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मातृ शक्तियों में योजना से लाभान्वित होने के लिए गजब का उत्साह देखा गया। इन शिविरों में बड़ी संख्या में पहुंची माताएं-बहनें कतारबद्ध होकर आवेदन भरने की प्रक्रिया पूरी करते हुए नज़र आए। वहीं कुछ महिलाएं अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने महतारी वंदन योजना के तहत फॉर्म भर रहे महिलाओं से कहा कि शासन की यह बहुत अच्छी और महत्त्वाकांक्षी योजना है, सभी पात्र मातृ शक्तियों को इस योजना से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वार्ड एवं ग्राम पंचायत के लिए विशेष शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। आवेदन भरने के लिए 13 दिन का समय है, इसलिए पूरी सावधानी से आवेदन भरें। जो आवेदन नहीं भर सकते हैं उनके आवेदन भरने हेतु स्थानीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस मौके पर खैरागढ़ एसडीएम प्रकाश राजपूत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# 41 गौ माता को कट्टी पार ले जाते कलकसा में पकड़ा गया

**गौ सेवकों ने पुलिस की मदद से सभी गौ माताओं को सुरक्षित गौशाला पहुंचाया**



डोंगरगढ़ (दावा)। गौ तस्करी की बढ़ती घटना के बीच गुरुवार की सुबह 5:30 बजे 41 गौ माता को कट्टी पार ले जाने की घटना सामने आई। जिसमें गौ तस्करी करने वाली गाड़ी भिलाई के गौ सेवक भाईयों के द्वारा गाड़ी को कलकसा में पकड़ा गया।

# आज ढारा मंडई

डोंगरगढ़ (दावा)। समीपस्थ ग्राम ढारा में आज 9 फरवरी दिन शुक्रवार को मंडई का आयोजन रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रंग तरंग रिकॉर्डिंग डांस ग्रुप राजनांदगांव द्वारा रिकार्डिंग डांस का प्रोग्राम रखा गया है। नारद साहू ने अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपिल की है।

# राज्य शासन की महत्वाकांक्षी 'महतारी वंदन योजना' के अंतर्गत फॉर्म भराने का कार्य निरंतर जारी

बालोद (दावा)। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य में प्रारंभ की गई 'महतारी वंदन योजना' के अंतर्गत बालोद जिले में पात्र विवाहित महिलाओं का फॉर्म भराने का कार्य निरंतर जारी है। जिले में इस कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग के अलावा तथा अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा इस कार्य की सतत् मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के विवाहित पात्र महिलाओं को फॉर्म भराने के कार्य में सहयोग के लिए ग्राम पंचायतों के सचिव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के अलावा रोजगार सहायकों और बिहान की दीदियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। इसी क्रम में आज जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग विपिन जैन के द्वारा डौण्डी विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुसुमकसा एवं पथराटोला सहित नगर पंचायत चिखलकसा में आयोजित महतारी वंदन योजना के शिविर में पहुँचकर कार्यों का अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित महिलाओं से चर्चा कर फॉर्म भरने के कार्य के संबंध में जानकारी ली।

# राम का जीवन हिंदुओं के लिए एक प्रेरणा - कैलाश शर्मा

खुज्जी (दावा)। ग्राम गोड़लवाही में दो दिवसीय मानस उत्सव का आयोजन मानस उत्सव समिति एवं समस्त ग्राम वासी द्वारा किया गया था। जिसमें समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला भाजपा मंत्री कैलाश शर्मा थे। मानस गान में चार मंडलियों को को आमंत्रित किया गया था।

### राम हिंदुओं का विश्वास

गोड़लवाही के मानस गान आयोजन में कथा और भजन से ग्रामीणों को बैठने और भजनों में झूमने को मजबूर कर दिया मुख्य अतिथि जिला भाजपा मंत्री कैलाश शर्मा ने कहा रामायण से ही जीवन जीने की कला मिलती है मानस गान से गांव में एकता व शांति की भावना प्रेरित होती है एक आदर्श नागरिक बनने का अवसर मिलता है रामायण निस्वार्थ प्रेम और भक्ति की शक्ति सिखाती है। राम का जीवन हिंदुओं के लिए एक प्रेरणा है जो जीवन जीने की कला सिखाती है। मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन मानस गायन परिवार व ग्रामीणों के संयुक्त तत्वधान में संपन्न हुआ। दूर-दराज की मंडलियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर श्रेष्ठ प्रस्तुतियां दी। दो दिनों तक श्रीराम कथा के सुमधुर गायन से लोग लाभांवित होते रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विशिष्ट अतिथि के रूप में दीनदयाल साहू पूर्व पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष भाजपा, जनपद सदस्य भूपेंद्र नायक गोपाल सिंह भूआर्य, भिष्म लाल उर्वशा, मोहन बघेल, चंद्र किशोर गुप्ता, युगल किशोर साहू, ईश्वर निर्मलकर, कौशल साहू, सुंदर सिंह जांमडा, मंच में उपस्थित अध्यक्ष चैन सिंह भेडिया, उपाध्यक्ष कपिल बघेल, लिमंतकृपाल, कोषाध्यक्ष भूखन पिस्ता, संरक्षक रविदास मालेकर, रविंद्र यादव, ताम्रज ध्वज साहू आदि उपस्थित रहे।



## फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि के अंतर्गत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

बालोद (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी के संदर्भ में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज 08 फरवरी को कर दिया गया है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन अनुसार जिले में कुल 689022 मतदाता है। जिनमें से 338529 पुरुष मतदाता एवं 350486 महिला मतदाता तथा 07 तृतीय लिंग के मतदाता है। उन्होंने बताया कि जिले में 18 से 19 वर्ष के आयु वर्ग के 20 हजार 161 युवा मतदाता हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले में कुल 814 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 संजारी बालोद में 258 मतदान केंद्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा में 270 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही में 286 मतदान केन्द्र है। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 11 (अ.ज.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

# जिले की एकमात्र हाईटेक नर्सरी का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण



**0 कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने नर्सरी के विकास के लिए प्रभारी को दिए दिशा—निर्देश**
**0 कुकुरमुड़ा में 5.933 हेक्टेयर रकबा में फैला है नर्सरी,**

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने जिले की एकमात्र शासकीय हाईटेक नर्सरी कुकुरमुड़ा (बाजार अतरिया) का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रोपणी के रख-रखाव पर प्रसन्नता व्यक्त किया। वही नर्सरी प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि रोपणी के शेष अविकसित भाग को शीघ्र विकसित करें तथा वर्षा ऋतु के पूर्व मनरेगा के माध्यम से रोपणी के विकास को लेकर अतिरिक्त कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने निर्देश दिए। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने रोपणी स्थापना से संबंधित विभिन्न तकनिकी एवं प्रशासनिक जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उद्यान नर्सरी में स्थापित ग्रीन हाऊस का भी अवलोकन किया। जिसमें लगभग 50-60 किस्मों के अलंकृत पौधों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। नर्सरी प्रभारी रविन्द्र कुमार मेहरा ने अवगत कराया कि अलंकृत पौधों की इन्हीं किस्मों से पुनः पौधे तैयार कर आगामी वर्ष में मांग के अनुरूप इनका विपणन विभिन्न संस्थाओं एवं स्थानीय स्तर पर किया जायेगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने रोपणी के उचित रख-रखाव हेतु प्रभारी श्री मेहरा और कार्यरत माली एवं मज़दूरों को तकनीकी सुझाव भी दिए।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को हाईटेक नर्सरी कुकुरमुड़ा के वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी एवं प्रभारी सहायक संचालक उद्यान रविन्द्र कुमार मेहरा ने बताया कि रोपणी की स्थापना वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के माध्यम से की गई है। इसकी स्थापना हेतु शासन से 100.00 लाख की राशि स्वीकृति प्राप्त है। जिसका कुल रकबा 5.933 हेक्टेयर है। यहां विभिन्न प्रकार की अधोसंरचनाएं है, जिसमें मिनी प्लग टाईप वेजीटेबल यूनिट, हार्डनिंग यार्ड (ग्रीन हाऊस), गोदाम, कार्यालय भवन, वर्किंग शेड एवं फेंसिंग निर्मित है। इसी तरह रोपणी की वार्षिक पौध उत्पादन क्षमता 45 हजार प्रति मौसम है।

नर्सरी प्रभारी रविन्द्र कुमार मेहरा ने बताया कि वर्ष 2021-22 से लेकर जनवरी 2022-23 तक कुल 01 लाख 27 हजार विभिन्न प्रकार के कलमी एवं बीजू पौधे तैयार कर योजनाओं एवं तथा ग्राम पंचायतों को निःशुल्क वितरित किए गए हैं। इसी तरह वर्ष 2021-22 से 2023-24 में लगभग 170 क्विंटल विभिन्न प्रकार के बीज आलू, भिंडी एवं बरबटी का उत्पादन किया। जिसकी राशि 8 लाख 19 हजार 740 का राजस्व राज्य शासन के खाते में जमा किया है। इसके अतिरिक्त रोपणी में लगभग 670 विभिन्न प्रकार के उच्च गुणवत्तायुक्त फल-पौधे आम, अमरूद, बेर, आंवला, नीबू, कटहल, सेब, ग्राफ्टेड ईमली, अनार, मौसंबी, संतरा आदि का रोपण किया गया है, जिससे आगामी वर्षो में कलमी पौधे तैयार किये जायेंगे।

# अपने कार्य को नौकरी ना समझ कर सेवाभाव से कार्य करें- पवन साहू



**उचित इलाज प्रबंधन हेतु केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा कर समस्याओं का निराकरण करेंगे**

बालोद (दावा)। जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने गुरुवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण करने भाजपा नेताओं सहित पहुंचे, सर्वप्रथम उन्होंने पूरे चिकित्सालय की व्यवस्था एवं प्रबंधन को देखा। अस्पताल की व्यवस्था एवं प्रबंधन को लेकर डॉ. जे.एल.उइके सीएमएचओ एवं आर के श्रीमाली, अखिलेश शर्मा ने जानकारी दी वर्तमान में स्पेशलिस्ट डॉक्टर, स्टाफ की कमी के कारण मरीजों के इलाज में कुछ असुविधा उत्पन्न हो रही है, जिसकी पूर्ति प्राइवेट अस्पताल या डॉक्टर से 24 घंटे सेवाएं लेकर हर संभव सुविधाएं आम जनता को दिए जा रहे हैं। जिला अध्यक्ष पवन साहू ने मरीजों से व्यवस्था के बारे में जानकारी ली, अस्पताल की स्वच्छता की सराहना क़र मरीजों से बातचीत की, उनका हाल-चाल पूछा तथा उनके उचित इलाज के लिए चिकित्सकों से चर्चा की, उन्होंने कहा कि अन्य जिलों की अपेक्षा बालोद जिले की चिकित्सा व्यवस्था, स्वच्छ वातावरण एवं पूरे स्टाफ का व्यवहार मधुर रखे।

## आयुष स्वास्थ्य मेला में ग्रामीणों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ




अं.चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी में आयुष विभाग द्वारा बुधवार को जनपद पंचायत परिसर में आयुष स्वास्थ मेला का आयोजित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या ताम्रकार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रियामदा रामटेके, राजेश सिंघी, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर धुर्वे एवं अन्य पार्षद उपस्थित रहे। शिविर में आयुष चिकित्सा को अपने जीवन में प्राथमिक उपचार के लिए प्रेरित किया। शिविर में कुल 410 मरीजों लाभान्वित हुए। शिविर प्रभारी डॉ. मो. इकबाल हुसैन ने आयुष विभाग की जानकारी देते हुए सभी जनप्रतिनिधिगण का आभार व्यक्त किया।

# महादेव सट्टा एप में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा - उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा के बजट सत्र में महादेव सट्टा एप का मामला गूंजा. भाजपा विधायक राजेश मूणत ने महादेव एप का मामला उठाते हुए संलिप्त अफसरों को बचाने का आरोप लगाया. इसके जवाब में गृहमंत्री विजय शर्मा ने भरोसा दिलाया कि मछली ही नहीं अगर मगरमच्छ भी होगा तो जरूर पकड़ा जाएगा।

बीजेपी विधायक राजेश मूणत ने सदन में मुद्दा उठाते हुए कहा कि महादेव एप के नाम से राज्य में एक गोरखधंधा चला. राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लोग इनवॉल्व हैं. यह संवेदनशील मुद्दा है. वैशालीनगर विधानसभा से ही करीब बीस हजार युवा महादेव सट्टा से जुड़े हैं. उन्होंने कहा कि करीब 90 केस दर्ज किए गए हैं. सरकार, जिस पर सुरक्षा की ज़िम्मेदारी है. उसी सरकार ने गिरोहबंदी कर योजनाबद्ध तरीक़े से युवाओं को इस अवैध काम में झोंक दिया. इसके साथ ही उन्होंने सवाल किया कि मामले में किन-किन लोगों के ख़िलाफ़ कार्रवाई हुई?

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस मामले की जांच जारी है. जांच और बयान के आधार पर किसी को फांसी पर नहीं लटकाया जा सकता. तथ्य प्रमाणित होने के बाद विष्णुदेव सरकार कार्रवाई करने में एक घंटा भी नहीं लगाएगी. इस मामले में जो भी दोषी होगा चाहे वह किसी भी दल का क्यों ना हो सब पर कार्रवाई होगी. इस प्रकरण में यह बात सामने आई थी कि चार्टर प्लेन से जिन्हें शादी में दुबई ले ज़ाया गया था, उनका भी डिटेल्स हम निकलवा रहे हैं. सबसे पूछताछ होगी. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नौजवान जो राह से भटके हुए हैं, ऐसे युवा महादेव सट्टा एप से जुड़कर अपनी बर्बादी का




विधायक राजेश मूणत ने सदन में उठाया मामला

रास्ता चुन लिया. अब तक 90 एफआईआर दर्ज हुई है. 67 प्रकरणों में से 54 पर चालान पेश हो गया है. दुबई में रह रहे छत्तीसगढ़ के लोग ही इसका संचालन कर रहे हैं. लुकआउट सर्कुलर जारी हुआ है. रेड कॉर्नर नोटिस दिया गया है. प्रत्यर्पण के लिए प्रयास चल रहा है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि महादेव एप से जुड़े बैंक अकाउंट फ्रीज किया गया है. जिन अधिकारियों की भूमिका पाई गई है, उनके ख़िलाफ़ कार्रवाई की गई है. दो जेल में हैं. कुछ सस्पेंड हैं. राजेश मूणत युवा मोर्चा से हैं, और मैं भी युवा मोर्चा से हूँ. जो आग उनके दिल में है, वही आग मेरे दिल में भी है. जैसे ही फ़ैसला आ जाएगा. विष्णुदेव सरकार को एक घंटा भी नहीं लगेगा कार्रवाई करने में देरी नहीं करेगी।

## बस्तर में अब लाल सलाम नहीं गूंजेगा जय श्रीराम - डिप्टी सीएम विजय शर्मा

रायपुर। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भाजपा सरकार आने के बाद से बीते आठ सप्ताहों में बस्तर के हालात में आए बदलाव का विधानसभा में बखान किया। उन्होंने कहा कि अब पूरा प्रशासन वहां है. आने वाले दिनों में बस्तर में 'लाल सलाम' नहीं, 'जय श्री राम' सुना जाएगा। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सदन में कहा कि बस्तर में आठ हफ़्तों में 47 मोबाइल टावर लगाए गए। आठ हफ़्तों में 35 किलोमीटर रोड बनी। आठ हफ़्तों में 10 नये कैंप खोले गए. आठ हफ़्तों में हैलीकॉप्टर की नाइट लैंडिंग फेसिलिटी शुरू हुई. बस्तर में हम विकास के कैंप खोल रहे हैं. उन्होंने कहा कि मैं अभी सिलगेर गया था. वहां के एक पारा में पिछले एक साल से बिजली नहीं है. सिलगेर के बच्चे डॉक्टर बनना चाहते हैं. कलेक्टर बनना चाहते है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि देश को चुनौती देने वाले मुद्दे को दस फ़ीट नीचे ज़मीन में धँस जाना चाहिए और यहां हम भाजपा-कांग्रेस कर रहे हैं. ये वही टेकुलगुडम है, जहां घुसना आसान नहीं था. अब वहाँ कैंप खुल गया है. टेकुलगुड़म में कैंप खुला तो वहां जाना आसान हुआ है. हम अब पूर्ववर्ती की तरफ़ जाएंगे. हम अंदरूनी इलाक़ों में कैंप खोल रहे हैं. कैंप खुलेंगे तो कॉन्फ़्लिक्ट होगा. हमारा प्रयास नक्सलवाद को ख़त्म करने का है। इससे पहले विपक्ष के सदस्यों ने ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से प्रदेश में बढ़ रही नक्सली घटनाओं का मामला उठाया.

विपक्ष के विधायक द्वारकाधीश अनिला भेड़िया ने गृह मंत्री से पूछा कि पिछले दो महीना में नक्सली घटनाएं क्यों बढ़ रही है? इस दौरान कितनी घटनाएं हुई है कितने जवान शहीद हुए हैं कितने घायल हुए हैं। गृह मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि दो माह में 19 घटनाएं घटी है, जिसमें चार जवान शहीद हुए हैं और चार सिविलियन मारे गए हैं. उन्होंने यह कहा कि नक्सली घटनाएं क्यों बढ़ रही है इसे समझना होगा. कांग्रेस विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि आपका इंटेलिजेंस फेल है, इसकी घटनाएं बढ़ रही है।

## स्कूटी चोरी करने वाले पुलिस के हत्थे चढ़े

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने भिलाई के चंदूलाल चंद्राकर हॉस्पिटल से स्कूटी चोरी को अंजाम देने वाले आरोपियों को धर दबोचा है। आरोपियों का नाम मोहम्मद सिराज पिता मोहम्मद मुस्लिम उम्र 35 साल निवासी आवास प्लाट नम्बर 74 वार्ड नम्बर 158 थाना मोहन नगर दुर्ग एवं मनीष यादव पिता कैलाश यादव उम्र 33 साल निवासी धमधा नाका कैलाश नगर दुर्ग महाकाल आटो पार्ट थाना मोहन नगर दुर्ग बताया जाता है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के नेतृत्व में थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक कृष्णा पाटले, एसआई जलालुद्दीन खान, आरक्षक शहबाज़ सिद्दीकी, बिसराम वर्मा विनोद महिलांगे, आरक्षक मनोज ठाकुर की टीम गठित की गई और धारा 41(1+4) जा0फौ0 379 कायम कर विवेचना में लिया गया इसी तारतम्य में आरोपी को पकड़कर पूछताछ किया गया जो बिना नम्बर एक्टिवा कीमती चालीस हजार रुपये को चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल भिलाई से चोरी कर बेचने लाये थे जिसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

## निःशुल्क सिलाई कोर्स प्रशिक्षण के लिए पंजीयन शुरू

राजनांदगांव (दावा)। कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं को निःशुल्क सिलाई कोर्स प्रशिक्षण दिग्विजय स्टेडियम कक्ष भदौरिया चौक राजनांदगांव में प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद महिला हितग्राहियों को बैंगलोर में 12 हजार रूपए मासिक वेतन पर रोजगार भी उपलब्ध कराया जाएगा। अपना पंजीयन जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला संयुक्त कार्यालय के सामने कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में करा सकती हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना की आयुक्त ने की समीक्षा

राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज प्रधानमंत्री आवास योजना के अधिकारियों तथा वास्तुविद की सयुक्त बैठक ली। बैठक में मोर जमीन मोर मकान योजना के तहत हितग्राहियों के आवास निर्माण बिना किसी शिकायत के समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में मोर जमीन मोर मकान के तहत सभी स्वीकृत आवासों को जल्द से जल्द प्रारंभ करने हेतु पिछली बैठक में निर्देशित किया गया था उस पर चर्चा करते हुए प्रत्येक वास्तुविदों से व्यक्तिगत चर्चा कर सौंपे गये कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि शासन द्वारा आवास निर्माण का कार्य मार्च माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिये है। मार्च 21 से पूर्व अप्रारंभ आवासों के संबंध में सभी वास्तुविदों ने जानकारी दी कि उनके शेष बचे अप्रारंभ आवास सभी प्रारंभ हो गये और जो आवास प्रारंभ नही हो पाये उन्हे डीपीआर से नाम काटने हेतु सूचीबद्ध करके शासन



मोर जमीन मोर मकान योजना के तहत आवास निर्माण समय सीमा में पूर्ण करने के दिये निर्देश

को भेजने की तैयारी की गई है। पूर्ण आवास हेतु संतोषप्रद प्रगति प्राप्त न होने पर आयुक्त ने सख्ती से कहा कि, 29 मार्च तक सभी आवासों को पूर्ण करें।

आयुक्त श्री गुप्ता ने लापरवाही से कार्य करने वाले वास्तुविदों के कार्य को अन्य किसी वास्तुविदों को सौंपने हेतु सीएलटीसी अंकुर मिश्रा को निर्देश दिये तथा जिन आवासों के कार्य प्रगतिरत है, उन आवासों के लिये स्तरबद्ध जीओ टैकिंग कर जल्द भुगतान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव निकाय के विभिन्न वार्डो में योजनांतर्गत, आवासों का निर्माण करने वाले हितग्राहियों को आवास प्रारंभ करने के पूर्व ही नियमानुसार निर्धारित 30 वर्गमीटर कार्पेट क्षेत्र में निर्माण करने की जानकारी संबंधित वास्तुविद आवश्यक रूप से देवे। इसके अलावा अतिरिक्त निर्माण करने वाले हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा शुल्क जमा करने की जानकारी उपलब्ध करावें। नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव द्वारा भी प्रधानमंत्री आवास योजना के काम में गति लाकर समय सीमा में आवास निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिये है, उन्होंने कहा है कि हितग्राही मूलक योजना में लापरवाही न हों। उन्होंने सभी वास्तुविदों से उनके द्वारा किये जा रहे आवास निर्माण की चरणबद्ध जानकारी लेते हुये कहा कि छज्जा स्तर के आवासों को फरवरी तक पूर्ण करे साथ ही मार्च 2022 के बाद स्वीकृत आवासों को 10 फरवरी तक प्रारंभ करें, प्रारंभ नहीं होने की स्थिति में निरस्तीकरण हेतु शासन को प्रस्ताव भेजे। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि ऐसे आवास निर्माण करने वाले जो नींव स्तर से आगे कार्य नहीं कर रहे है, उन्हें भी अंतिम नोटिस जारी करें और नोटिस उपरांत निरस्तीकरण हेतु प्रस्तुत करें। वास्तुवित केवल स्थतरबद्ध भुगतान हेतु जीओ टैकिंग करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि शासन की योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय सीमा में मिले, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये।

# वन कर्मचारियों के बाद लघु वनोपज कर्मचारी भी आन्दोलन की राह पर

राजनांदगांव (दावा)। जिले में एक फरवरी से नव कर्मचारियों ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इससे विभागीय कार्य तो प्रभावित हो रहा है वही वन कर्मचारियों के ड्यूटी पर नहीं होने से अवैध लकड़ी परिवहन भी धडल्ले से होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। यही नहीं इससे तेन्दूपत्ता संग्रहण भी प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है।

इधर वन कर्मचारियों का अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी है। वही दूसरी ओर जिला लघुपज सहकारी समिति के कर्मचारी भी आन्दोलन का रूख अख्तियार कर लिए है। वे भी अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर मैदान में है और जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान काफी संख्या में लघु वनोपज के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

- चार सूत्रीय मांग पूरा कराने ज्ञापन सौंपा
- मांगे पूरी नहीं होने पर करेंगे अनिश्चितकालीन अन्दोलन

### चार सूत्रीय मांगें

जिला लघु वनोपज सहकारी समिति संघ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज समिति प्रबंधक संघ के आहवान पर चार सूत्रीय मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के सामने धरना-प्रदर्शन किया गया जिसमें कलेक्ट्रट के नाम ज्ञापन प्रस्तुत कर उनकी चार सूत्रीय लम्बित मांगे को पूरा करने के लिए ध्यान आत्कृष्ट किया गया है। बताया गया कि उनकी चार सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से प्राथमिक वनोपज सह. समिति प्रबंधकों की स्वीकृत विभागीय प्रस्ताव के अनुसार तीन स्तरीय संविदा वेतन मान लेवल 0708 तथा लेबल 09 की विसंगति को संशोधित करने के साथ शासन के वित्तीय वर्ष में पुनरीक्षित वेतनमान का निर्धारण लागू करने की मांग है। उक्त लम्बित मांग पूरी नहीं होने पर आने वाले दिनों में लघु वन कर्मचारी अनिश्चित कालीन आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे। लघु वनोपज कर्मचारी के धरना प्रदर्शन में जिले भर के कर्मचारियों व प्रबंधकों की भी उपस्थिति रही। यदि वन कर्मचारियों के अनिश्चित कालीन हड़ताल के साथ लघुवनोपज कर्मचारी अपनी मांगे पूरी नहीं होने पर वे भी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए तो वन विभाग का भट्ठा बैठना निश्चित है। विभागीय कार्य प्रभावित होने के साथ-साथ वन व वनोपज से सम्बंधित कार्यों में अफरा-तफरी बढ़ जाएगी। जिससे शासन का नुकसान होना निश्चित है।

## सिकल सेल जांच महाअभियान में हुई 30127 नागरिकों की जांच

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में सिकल सेल एनीमिया जांच महाअभियान चलाकर नागरिकों के सिकल सेल की जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बसोड़ ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया जांच महाअभियान में 30 हजार 127 नागरिकों की सिकलसेल जांच की गई। जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सभी मैदानी अमलों को महाअभियान के लिए लक्ष्य दिया गया था। जिसमें लक्ष्य के अनुरूप लगभग 25 हजार स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, किन्तु निर्धारित लक्ष्य से अधिक 30 हजार 127 नागरिकों के सिकल सेल के जांच की गई।

# किसान उत्पादक संगठन में बेहतरीन कार्य करने की असीम संभावनाएं - कलेक्टर

राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में केन्द्र शासन की योजनाओं के संबंध में जिला स्तरीय निगरानी समिति (डीएमसी) की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) एवं जिले में राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) तथा अन्य संस्थाओं द्वारा गठित एफपीओ की समीक्षा की।



कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसान उत्पादक संगठन द्वारा आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए कृषि, मार्केट लिंकेज एवं विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य करने की असीम संभावनाएं हैं। किसान उत्पादक संगठन विशेष रूप से छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए सामूहिकरण के माध्यम से कार्य करने का कारगर तरीका है। जिले में कोदो, कुटकी, सुगंधित चावल की वेरायटी, मक्का एवं अन्य उत्पादों की लाभदायक खेती को बढ़ावा दिया जा सकता है। किसानों को धान के बदले अन्य फसलों को लेने तथा फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। किसानों द्वारा उत्पादित किए गए कृषि उत्पाद में कुछ विशेषता होनी चाहिए, जिससे उनके उत्पाद को मार्केट में अच्छा मूल्य मिल सके। उन्होंने कृषि उत्पादों के फूड प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग, पैकेजिंग, क्रेडिट लिंकेज, वैल्यू एडिशन एवं मार्केट लिंकेज के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने, उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए व्यवस्थित एवं व्यवसायिक दृष्टिकोण से योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए कृषि, उद्यानिकी, नाबार्ड, पशुपालन, कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, लीड बैंक, मत्स्य पालन, बायोटेक्नोलॉजी सहित विभिन्न विभागों को समन्वित तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि किसान उत्पादक संगठन द्वारा लघु स्तर पर प्रारंभ करते हुए कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कृषि उत्पादों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण से जोड़ते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए अच्छी अधोसंरचना तैयार करने के साथ ही एक अच्छा प्लेटफार्म मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सभी विभाग एफपीओ हेतु कार्य करने के लिए किसानों को संगठित करें और उनमें एफपीओ के प्रति जागरूकता लाएं तथा उन्हें इसके लिए रणनीति समझाएं। उन्होंने एफपीओ के सदस्यों में वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूकता, विस्तार, एफपीओ के लिए रोड मैप बनाने तथा प्रशिक्षण, कृषि के आधुनिक तकनीक को प्रोत्साहन देने तथा इसकी प्रभावी तरीके से निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठित किसानों को उत्पादों और विपणन क्षमता को विभिन्न योजनाओं से जोड़ते हुए लाभान्वित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मक्के की खेती मे किसानों के लिए बहुत फायदा है। मक्के का आटा, जूस, तेल एवं अन्य बहुत से उत्पाद बनाए जा सकते हैं और इसकी मार्केट में डिमांड हैं। कम लागत में अच्छी खेती होने से किसानों को इसका फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भी कार्य करने की आवश्यकता है। कोदो, कुटकी एवं मक्का के बीज का उत्पादन किया जा सकता है।डीडीएम नाबार्ड मनोज नायक ने इस दौरान नाबार्ड द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी।

# दिग्विजय महाविद्यालय की महिला नेटबाल टीम बनी अंतर महाविद्यालयीन उपविजेता

राजनांदगांव (दावा)। शास. दिग्विजय महाविद्यालय की महिला नेटबाल टीम डॉ. खूबचंद बघेल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई-03 में आयोजित अंतरमहाविद्यालय महिला नेटबाल प्रतियोगिता की उपविजेता रही। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. खूबचंद बघेल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिनांक 31 जनवरी को आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में कुल 06 टीमों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय का प्रथम मैच शासकीय वी.वाई.टी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के साथ था जिसमें दिग्विजय महाविद्यालय की टीम 9-4 से विजेता रही सेमीफाईनल में दिग्विजय



महाविद्यालय का मुकाबला आयोजक महाविद्यालय के साथ थी जिसमें काटे के मुकाबले में दिग्विजय महाविद्यालय ने 10-9 से जीत दर्जा कर फाईनल में प्रवेश किया। फाईनल मैच मंशा महाविद्यालय, दुर्ग तथा दिग्विजय महाविद्यालय के मध्य खेला गया जिसमें दिग्विजय महाविद्यालय को 16-14 के मामूली अंतर से मंशा महाविद्यालय, दुर्ग ने जीत दर्ज की। इस प्रकार दिग्विजय महाविद्यालय इस अंतरमहाविद्यालय प्रतियोगिता में उपविजेता रही। दिग्विजय महाविद्यालय की ओर से हेमपुष्पा साहू, रेणु साहू, दीक्षा ताम्रकार, चांदनी राजपूत, भावना नेताम, ईशा निषाद, रीति ठाकुर एवं खुशी कोर्राम ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर ने उपविजेता बनने पर महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी अरूण कुमार चौधरी तथा पूरी टीम को बधाई देते हुए भविष्य में प्रदर्शन को सुधारते हुए बेहतर प्रदर्शन करने का सुझाव दिया।

## शेष प्रथम पृष्ठ का

***0 अभी जेल में ही रहेंगी आईएएस रानू साहू, ..***

2023 को सस्पेंड कर दिया था। इसके पहले 21 जुलाई 2023 को रानू साहू के देवेंद्र नगर स्थित सरकारी घर पर ईडी ने छापा भी मारा। चौबीस घंटे से ज्यादा तक जांच के बाद ईडी ने 22 जुलाई की सुबह आईएएस रानू साहू को गिरफ्तार कर लिया।

540 करोड़ रुपये के कोल घोटाले में आइएएस रानू साहू, सौम्या चौरसिया, समीर विश्नोई, एसएस नाग, सूर्यकांत तिवारी को गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा कुछ कारोबारी और छोटे अफसरों को भी ईडी ने गिरफ्तार किया है। वहीं कुछ कांग्रेसी नेता भी जांच के दायरे में हैं।

**0 35 से ज्यादा आरोपियों के खिलाफ एसीबी में एफआईआर**

छत्तीसगढ़ में एसीबी ने ईडी के आवेदन पर कोयला घोटाला मामले में एफ़आइआर दर्ज की है। दर्ज एफ़आइआर में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988, संशोधित अधिनियम 2018 की धारा 7,7,12, धारा 420 और 120 बी की धारा लगी है। इस मामले में 35 आरोपी हैं। इसमें सौम्या चौरसिया, समीर बिश्नोई, रानू साहू, संदीप कुमार नायक, शिवशंकर नाग, सूर्यकांत तिवारी, मनीष उपाध्याय, रौशन कुमार सिंह, निखिल चंद्राकर, रामगोपाल अग्रवाल, देवेन्द्र सिंह यादव, रामप्रताप सिंह, विनोद तिवारी, अमरजीत भगत के साथ कई कांग्रेस नेताओं और अन्य के नाम शामिल हैं।

***0 बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, कई आईएएस और 6 आईपीएस...***

वहीं दर्री के नगर पुलिस अधीक्षक राबिन्सन गुरिया को अब नारायणपुर का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

***0 जन्म से ओबीसी नहीं है पीएम मोदी- राहुल गांधी....***

1970 में जब वो बिहार के सीएम बने, तब उनकी सरकार को अस्थिर करने के लिए क्या-क्या नहीं किया गया? कांग्रेस ओबीसी को बर्दाश्त नहीं कर सकती... वो ये गिनती करती रहती है कि सरकार में कितने ओबीसी हैं। क्या आप (कांग्रेस) यहां सबसे बड़े ओबीसी (खुद की ओर इशारा करते हुए) को नहीं देख सकते?

कांग्रेस और यूपीए सरकार पर पिछड़े वर्गों (ओबीसी) का हक न देने का आरोप लगाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान एक संविधान से बाहर की संस्था बनाई गई थी। उस संस्था के सामने सरकार कुछ नहीं कर पाती थी। राष्ट्रीय सलाहकार परिषद - क्या उसमें कोई ओबीसी सदस्य था? पता लगाइए।

# अब स्कूल शिक्षा विभाग संचालित करेगी स्वामी आत्मानंद स्कूल : बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर, 08 फरवरी (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल का संचालन अब कलेक्टर की अध्यक्षता वाली कमेटी नहीं करेगी। स्कूल शिक्षा विभाग इसकी सतत मॉनीटरिंग करेगी तथा स्कूल का संचालन शिक्षा विभाग के अंतर्गत होगा। पिछली सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना स्वामी आत्मानंद स्कूल को लेकर सदन में मुद्दा गूंजा। ध्यानाकर्षण में अजय चंद्राकर ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में मेंटेनेंस के नाम पर घोटाला का मुद्दा उठाया। जवाब में शिक्षा मंत्री ने इस मामले को देखवा लेने की बात कही, तो चंद्राकर ने कहा कि स्कूल शिक्षा मंत्री से साधारण उत्तर की उम्मीद नहीं थी। शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि स्मार्ट सिटी के फंड से मेंटेनेंस की व्यवस्था की गयी है। जिसके बाद अजय चंद्राकर ने स्मार्ट सिटी के माध्यम से मेंटेनेंस कराने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए पूछा क्या, अध्यक्ष खुद चढ़कर पोताई किए हैं ?

शिक्षा मंत्री ने पूर्व के खर्च को तुगलकी फरमान बताते हुए कहा कि 800 करोड़ खर्च कर गड़बड़ी की गई, शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। अजय चंद्राकर ने आर डी तिवारी स्कूल के जर्जर भवन और छत के स्लैब गिरने के मुद्दे से चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने पूछा कि स्मार्ट सिटी से मेंटेनेंस में किस नियम के तहत मद का उपयोग किया गया, कौन सी तकनीकी संस्था है जिसने कार्य संपादित किया गया। जवाब में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि स्मार्ट सिटी लिमिटेड के बाद टीसीआईएल तकनीकी संस्था है उसी के द्वारा प्रशिक्षण कर कार्य किया जा रहा है। मेसर्स शरद शुक्ला के द्वारा काम करवाया गया है।



अजय चंद्राकर ने कहा इतना मेंटनेंस करवाने के बाद भी डीके तिवारी स्कूल में यह घटना घटीज, पूरे प्रदेश में मेंटनेंस के नाम पर भ्रष्टाचार किया गया है। क्या उन पर कार्यवाही होगी। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा लगभग 800 करोड़ रुपए खर्च किया गया है, तुगलकी आदेश कलेक्टर की अध्यक्षता में कार्य किया जा रहा है। राजेश मूणत ने कहा क्या मंत्री ने एकरूपता में लाने की बात को कहीं है उसमे एडमिशन की भी कोई विशेष व्यवस्था करेंगे, जिसके बाद मंत्री ने स्वामी आत्मानंद स्कूल को लेकर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि आगामी शिक्षा सत्र से कलेक्टर की समिति भंग होगी। जिन जिन महापुरुष के नाम को हटाया गया उन नाम को फिर से स्थापित किया जाएगा। महापुरुष के नाम की भी तख्ती लगाई जाएगी। वहीं धर्मलाल कोशिक ने कहा कलेक्टर के आदेश तक वह स्कूल चलेगा, मतलब उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ का काम इन्होंने किया है, यह कलेक्टर के नियंत्रण में ना रहे शासन के नियंत्रण में रहे। वहीं भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कई महापुरुषों, जिन्होंने जमीन दान में दिया है उनका भी नाम बदल कर आत्मानंद कर दिए हैंज् उस भी खोजबीन की जाए। जिसके बाद विधायक अनुज शर्मा ने कहा पूर्व में भी ऐसी घटना हुई है, उसके बाद इंजीनियरों के द्वारा ऑडिट कराए जाने का निर्णय हुआ था, तो क्या आर डी तिवारी स्कूल का ऑडिट करवाया गया था? शिक्षा बृजमोहन अग्रवाल ने कहा इसका ऑडिट करवाया गया है। वहीं विधायक भावना बोहरा ने पूछा कि स्मार्ट क्लास, टीचर्स को लेकर कई प्रकार की विसंगतियां हैं, बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, जो भी शिकायत आएगी उसमे कार्यवाही करेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कोई अलग से सेट अप मंजूर किया गया है क्याज्? बृजमोहन अग्रवाल ने कहा इसके लिए अलग से सेट अप नहीं है, लेकिन सरकार द्वारा कई मदों से कार्य किया का रहा है, लेकिन जल्द ही इन सभी स्कूलों को स्कूल शिक्षा विभाग के अंदर के आएंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा आज बृजमोहन अग्रवाल और अजय चंद्राकर एक जैसे ड्रेस पहन कर आए है, अजय चंद्राकर ने कहा आत्मानंद स्कूल भूपेश बघेल के आनंद के लिए खोला गया है।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा का 60 वां वार्षिक महाधिवेशन 10 एवं 11 को

राजनांदगांव (दावा)। राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह पं.क्रं. 1282 का 60वां वार्षिक महाधिवेशन माँ भद्रकाली की पावन धरा बेमेतरा में होने जा रहा है जब आराध्य देव सूर्यवंशी प्रभु श्रीरामलला लगभग 550 वर्षोपरान्त श्री अयोध्या धाम भव्य श्रीराम मंदिर में विराजित हुए। सभी का यह परम सौभाग्य है कि सब इस पल के साक्षी बनें। महासभा का 60 वाँ महाधिवेशन माँ भद्रकाली की नगरी बेमेतरा में जोन की उपसमितियाँ बेमेतरा, नवागढ़, कवर्धा, मारो, थानखम्हरिया एवं साजा के आतिथ्य में एवं सभी श्रीजनों के विशेष सहयोग से सम्पन्न होने जा रहा है।



सभी से अनुरोध किया गया कि इस महाधिवेशन में सपरिवार अपनी गरिमामयी उपस्थिति देकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनावें। कार्यक्रम के प्रथम दिवसीय कार्यक्रम 10 फरवरी शनिवार को पंजीयन एवं कूपन वितरण, ज्योति रथयात्रा का स्वागत सुबह 11 बजे, ध्वजारोहण से अधिवेशन उदघाटन, शोभायात्रा - दोपहर 2 बजे अधिवेशन स्थल से नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान करेगी, केन्द्रीय पदाधिकारियों का स्वागत संयोजक का स्वागत भाषण, महासभा के सम्मानीय अध्यक्ष का उदबोधन, अतिथियों का उदबोधन/स्मृति चिन्ह भेंट, महाराणा प्रताप साहित्य परिषद द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका शौर्य 2024 का विमोचन, उपसमितियों के सचिवों का प्रतिवेदन, जोन के वरिष्ठजनों का सम्मान, सांस्कृतिक एवं कला परिषद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 8 बजे तथा सामान्य सभा की बैठक में केन्द्रीय कोषाध्यक्ष एवं केन्द्रीय महासचिव प्रतिवेदन अनुमोदन हेतु प्रस्तुतिकरण स्थल-सरस्वती शिशु मंदिर, बेमेतरा समय रात्रि 08 बजे से।

द्वितीय दिवस 11 फरवरी रविवार को रंगोली, मेंहदी, पुष्प सज्जा, आरती की थाल सजाव प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रम सुबह 9 बजे से (सामग्री स्वयं लाना है एवं प्रतियोगिता में पहले से नाम दर्ज करावें) खुला मंच - महासचिव एवं कोषाध्यक्ष का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुतिकरण एवं चर्चा, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान, विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वालों का सम्मान, अतिथियों का उदबोधन/ स्मृति चिन्ह भेंट, रंगोली/ मेंहदी एवं अन्य प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण, सहसंयोजक द्वारा आभार प्रदर्शन/ जोन प्रभारी द्वारा साधुवाद, ध्वजा-अवरोहण के साथ अधिवेशन समापन की घोषणा। महासभा के अध्यक्ष ठा. बजरंग सिंह बैस, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष ठा. अश्वनी राजपूत, कोषाध्यक्ष नीरज सिंह क्षत्रिय, महासचिव ठा.विष्णु सिंह बघेल, सहसचिव ठा. कमलेश सिंह राजपूत, उपसचिव ठा. प्रवेश सिंह, संगठन सचिव ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय, प्रचार सचिव ठा. घनश्याम सिंह चौहान, केन्द्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना राजपूत, केन्द्रीय महिला सचिव श्रीमती छाया ठाकुर, केन्द्रीय युवाध्यक्ष प्रशांत सिंह राजपूत, के. युवा सचिव ठा. विकास सिंह राजपूत, कार्यक्रम संयोजक ठा. बसंत सिंह चंदेल, सहसंयोजक ठा. रवि सिंह, मिथिलेश (मिन्टू) बिसेन महाधिवेशन में स्वाजातीय बंधुओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

# दिग्विजय महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग की छात्रा को मिला भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान



राजनांदगांव (दावा)। दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला प्रकोष्ठ एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ । इसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित हुई। भाषण प्रतियोगिता जिसका शीर्षक 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' था में वनस्पति शास्त्र विभाग की छात्रा कु. भानु उइके ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में दिनांक 2 फरवरी 2024 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में वनस्पति शास्त्र विभाग की छात्राओं कु. उषा साहू, कु. टिंकल पिस्दा, कु. भानु उइके, और कु. मनीषा साहू को पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में अधिकारी कु. रीना ठाकुर, विद्या मिश्रा, किशन देवांगन व डॉ. मोनिका ठाकुर तथा विभाग से डॉ. किरण जैन उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम, शिशु संरक्षण माह तथा राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस आयोजित

बालोद (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. एल. उइके के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पोषण से संबंधित तीन राष्ट्रीय कार्यक्रम 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, शिशु संरक्षण माह एवं राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस' का आयोजन जिले में वृहद रूप से किया जायेगा। उक्त संबंध में कलेक्टर के अध्यक्षता में जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स का बैठक आयोजित किया गया, जिसमें सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिया गया।



जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.जे.के.सिंह ने बताया कि बच्चों तथा किशोर/ किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर, एनीमिया के रोकथाम, बौद्धिक विकास तथा शाला में उपस्थिति में सुधार हेतु जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन 10 फरवरी को किया जावेगा। जिसके अन्तर्गत 1 से 19 वर्षीय बच्चों तथा किशोर/किशोरियों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल 400 मि.ग्रा. की गोली का सेवन कराया जायेगा तथा छुटे हुए बच्चों को 15 फरवरी मॉपअप दिवस में कृमिनाशक दवा का सेवन कराया जायेगा। इस बार जिले के कुल 3 लाख 14 हजार 93 बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल खिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके संबंध में सभी आवश्यक तैयारियों पूर्ण किया जा चुका है। इसी प्रकार 5 वर्ष से कम आयु के शिशुओं में कुपोषण जनित बीमारियों में कमी लाने हेतु जिले में शिशु संरक्षण माह का आयोजन 16 फरवरी से 22 मार्च मार्च के बीच प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को किया जायेगा।

जिसके अन्तर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के आयु वाले 75 हजार 268 बच्चों को विटामिन-ए का सिरप तथा 6 माह से 5 वर्ष तक के 79 हजार 696 बच्चों को आयरन सिरप सप्ताह में दो बार सभी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में निःशुल्क पिलाया जायेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस का आयोजन 3 मार्च को किया जायेगा। जिसके अन्तर्गत शून्य से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाया जायेगा।

जिले के कुल 78 हजार 388 बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें प्रथम दिवस बूथ लेवल पर तथा द्वितीय एवं तृतीय दिवस छुटे हुए बच्चों को घर-घर भ्रमण कर पोलियो वैक्सीन का खुराक पिलाया जायेगा। उपरोक्त सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग तथा ग्रामीण एवं पंचायत विभाग के विभागीय समन्वय के साथ किया जायेगा।

# जिले के सभी ग्राम पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण के उपरांत ग्राम सभा का किया गया आयोजन

बालोद (दावा)। छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई द्वारा बालोद जिले के सभी विकासखंड के कुल 120 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में संपादित मनरेगा कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण उपरांत ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

जिसमें प्राप्त निष्कर्षो के आधार पर संबंधित ग्राम पंचायतों की ग्रामसभा द्वारा अनुसंशित निष्कर्षो के निराकरण हेतु निकासी बैठक का आयोजन हेतु तिथि निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि निकासी बैठक के आयोजन हेतु डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राची ठाकुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।





ग्राम सभा द्वारा अनुशंसित निष्कर्षों के निराकरण हेतु निकासी बैठक जारी

नोडल अधिकारी सुश्री प्राची ठाकुर ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना छत्तीसगढ सामाजिक अंकेक्षण इकाई 2015 में प्रावधान उपबंधों के अनुसार जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 05 फरवरी से निकासी बैठक आयोजित की जा रही है। जिसके अंतर्गत दिन सोमवार 05 फरवरी को जनपद पंचायत बालोद के ग्राम पंचायत कार्यालय जगन्नाथपुर में ग्राम पंचायत सिवनी, कोहंगाटोला, खेरथाडीह, खैरतराई, जुंगेरा, मनौद, बघमरा, सांकरा ज, डेंगरापार, जगन्नाथपुर, घुमका, देवी नवागांव, भोथली, ओरमा, दरनवागांव एवं परसदा सहित कुल 16 ग्राम पंचायतों का निकासी बैठक आयोजित की गई। इसी तरह ग्राम पंचायत कार्यालय अंगारी में ग्राम पंचायत खपरी, पोण्डी, बोड़की, भेड़िया नवागांव, निपानी, नेवारीकला, हथौदा, बेलमाण्ड, चारवाही, उमरादाह, भेंगारी, बिरेतरा, अंगारी, चिचबोड, टेकापार, लाटाबोड, पडकीभाट सहित कुल 17 ग्राम पंचायतों का निकासी बैठक आयोजित की गई। इसी तरह ग्राम पंचायत कार्यालय करहीभदर में ग्राम पंचायत झलमला, हीरापुर, देवारभाट, बरही, मालगांव, तमोरा, अमोरा, पीपरछेडी, परेंगुढा, चिरईगोढी, मटिया बी एवं बी जामगांव सहित 13 ग्राम पंचायतों की निकासी बैठक आयोजित की गई। इसी तरह आज 07 फरवरी को जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के ग्राम पंचायत भंवरमरा में ग्राम पंचायत करेंगांव, भीमाटोला, बंजारी, कुदारीदल्ली, सहित कुल 12 ग्राम पंचायतों के लिए निकासी बैठक आयोजित की गई।

# निगम आयुक्त ने किया एसएलआरएम सेंटर निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज प्रातः उपायुक्त मोबिन अली तथा तकनीकी व स्वास्थ्य अधिकारी के साथ वार्ड नं. 18 एवं 19 में सफाई तथा निर्माण कार्य का निरीक्षण कर सफाई कर्मियों से सफाई संबंधी चर्चा की एवं निर्माण कार्य देख गुणवत्ता के साथ जनभावनाओं के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वितीय चरण के कल के शिविर के लिए मोतीपुर स्कूल मैदान तथा ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल मैदान का निरीक्षण भी किया।



○ सफाई कर्मियों से की चर्चा, कार्य करने का समय व उपस्थिति की ली जानकारी
○ निर्माण कार्य देख जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करने के दिये निर्देश

आयुक्त श्री गुप्ता 18 एकड़ एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर सेंटर में साफसफाई तथा अन्य व्यवस्था सुचारू रूप से होने पर प्रसन्नता व्यक्त किये, उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल से कहा कि, कई सेंटरों में कचरा पृथककरण की गति कम है जिसे बढ़ावें एवं घर में ही कचरा पृथक करने लोगों को समझाईस देने स्वच्छता दीदीयों को निर्देशित करें। उन्होंने पूनम कॉलोनी ममता नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था देख सफाई कर्मियों से चर्चा किये। उन्होंने हाजरी रजिस्टर चेक किया तथा अनुपस्थित कर्मचारियों के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा सफाई कर्मियों से कार्य करने का समय पुछकर निर्धारित समय तक कार्य करने, सड़कों व गलियों की नियमित सफाई कर कचरा उठाने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता विकास कार्यो की निरीक्षण में वार्ड नं. 19 हनुमान मंदिर आम्बेडकर चौक के पास सामुदायिक भवन व सौन्दर्यीकरण कार्य तथा पूनम कॉलोनी में नाली निर्माण कार्य का वार्ड पार्षद व नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु के साथ जायजा लेकर भवन निर्माण में तेजी लाने तथा सौन्दर्यीकरण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने नाली निर्माण में ढ़ाल मिलाने, तराई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके से कहा कि, सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराये और अप्रारंभ कार्य जल्द प्रारंभ कराये।

निरीक्षण की कडी में आयुक्त श्री गुप्ता कल से चार दिनों तक नगर में आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वितीय चरण के शिविर के लिए कल के शिविर स्थल मोतीपुर स्कूल मैदान व ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल मैदान का निरीक्षण कर पंडाल तथा अन्य व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

# महाराष्ट्रीयन समाज की महिलाओं ने मनाया हल्दी कुमकुम का पर्व

राजनांदगांव (दावा)। महाराष्ट्रीयन समाज की विवाहित महिलाओं द्वारा हल्दी कुमकुम का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान सुहागिन महिलाएं एक स्थान पर एकत्रित होकर एक-दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर पति की दीर्घायु एवं सुख-शांति की कामना करती है।



समाज की महिलाओं में काफी उत्साह

महाराष्ट्रीयन समाज की श्रीमती रंजना उमेश डुंभरे ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन से ही सूर्यनारायण दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश करता है, जो कि शुभ माना जाता है। इस दिन से ही दिन तिल-तिल बढ़ता है। इस दिन से ही महिलाएं पति की दीर्घायु एवं परिवार की सुख-शांति की कामना करती है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्रीयन समाज की महिलाओं द्वारा मकर संक्रांति से बसंत पंचमी तक पूरे महीने सामाजिक महिलाओं के यहां एकत्रित होकर हल्दी कुमकुम का पर्व मनाती है। इस दौरान महिलाएं एक-दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर सुख-समृद्धि की कामना करती है, साथ ही उपहार स्वरूप सामग्रियां भेंट भी की जाती है। इस पर्व को लेकर महाराष्ट्रीयन समाज की महिलाओं में काफी उत्साह है। इस दौरान घरों को रंगोली एवं पतंग से सजाया जाता है।

# रामजी देवांगन का मृत देह मेडिकल कॉलेज को सौंपा गया

राजनांदगांव (दावा)। नगर के शंकरपुर वार्ड के रहने वाले श्री राम जी देवांगन ने मृत्यु के उपरांत देहदान का घोषणा पत्र भरा था और आज उनकी मृत्यु के बाद उनकी मृत काया चिकित्सा अनुसंधान हेतु मेडिकल कॉलेज को सौंप दिया गया। श्री देवांगन ने मृत्यु पूर्व देहदान का फॉर्म भरकर मानव जाति के लिए एक मिसाल प्रस्तुत की थी।



श्री देवांगन का आज 90 वर्ष की अवस्था में क्रिश्चियन फैलोशिप हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे समाज को एक मिसाल पेश कर गए। उन्होंने 21 जनवरी 2010 को शरीर रचना विज्ञान विभाग, पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में अपनी मृत्यु पश्चात शरीर दान करने संबंधित घोषणा पत्र भरा था इसी के तहत आज श्री देवांगन की मृत्यु के बाद उनके शरीर को मेडिकल कॉलेज को चिकित्सा अनुसंधान के लिए सौंप दिया गया। श्री देवांगन अपने पीछे पांच पुत्रों व एक पुत्री सहित नाती पोतों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

# छुरिया ब्लॉक के ग्राम बजरंगपुर में महिला आमसभा का हुआ आयोजन

छुरिया (दावा)। ब्लॉक के ग्राम बजरंगपुर में महिला समूह द्वारा महिला आमसभा का 07 फरवरी को आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती राजकुमारी सिन्हा पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य श्रीमती भानमती चंद्रवंशी ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत के सरपंच भगतूराम चंद्रवंशी, संकुल पी.आर.पी. श्रीमती रजनी साहु, लेखापाल श्रीमती वर्षा चौधरी, संयुक्त सचिव श्रीमती रंगीला चंद्रवंशी, संयुक्त कोषाध्यक्ष बबिता कोर्राम रहे। श्रीमती राजकुमारी सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में परिवर्तन एवं जागरूकता की अभूतपूर्व लहर आयी है और महिलाओं की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति मजबूत बनी है।



राजकुमारी सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की

समस्त महिला समूह की महिलाएं स्वरोजगार के नये-नये क्षेत्रों से परिचित हुई तथा शासन समाज के प्रति जागरूक बनीं। जो महिलाएं कभी घरेलू काम में व्यस्त रहती थी। आज उन्हें रोजगार, व्यवसाय से जोड़ने तथा स्वरोजगार का अवसर मिला है और वे अपने घर-परिवार का सहारा बनी हैं।

कार्यक्रम में मां बम्लेश्वरी सरस्वती स्व. सहायता समूह,मां बम्लेश्वरी जमुना स्व. सहायता समूह,मां बम्लेश्वरी दुर्गा स्व. सहायता समूह, मां बम्लेश्वरी महमाया स्व. सहायता समूह, मां बम्लेश्वरी गोदावरी स्व. सहायता समूह, मां बम्लेश्वरी जागृति स्व. सहायता समूह, मां बम्लेश्वरी गंगा स्व. सहायता समूह, मां बम्लेश्वरी शारदा स्व. सहायता समूह, मां बम्लेश्वरी वैभवलक्ष्मी स्व. सहायता समूह, मां बम्लेश्वरी संतोषी स्व. सहायता समूह, मां बम्लेश्वरी कावेरी स्व. सहायता समूह, मां बम्लेश्वरी संगम स्व. सहायता समूह एवं समस्त महिला समूह के सदस्य एवं ग्रामवासी अधिक संख्या में उपस्थित थे।

# कृषि सखियों का कृषि विज्ञान केन्द्र प्रक्षेत्र का भ्रमण

राजनांदगांव (दावा)। कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव प्रक्षेत्र में जिले की कृषि सखियों द्वारा भ्रमण किया गया। जिसमें प्रक्षेत्र की विभिन्न इकाईयां मशरूम, मुर्गीपालन, वर्मी खाद व बीज उत्पादन की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि सखियों को खेती में प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले अवयव पोषक तत्व के लिए बीजामृत, घनजीवामृत, जीवामृत बनाने की विधि व उपयोग करने की विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें बीजामृत बनाने की विधि व बीजों के उपचार की प्रक्रिया को बताया गया। मृदा में पोषक तत्व की मात्रा को बढ़ाने के लिए बुआई से पूर्व घनजीवामृत बनाकर मृदा में उचित मात्रा में डालने की विधि को बताया गया। द्रव जीवामृत बनाकर फसल की अवधि के अनुसार 21, 45, 65 व 90 दिनों की अवस्था में उपयोग करने की विधि को बताया गया। इसके साथ ही प्राकृतिक खेती में कीटों के नियंत्रण हेतु नीमास्त्र, ब्रम्हास्त्र, अग्नास्त्र बनाने की विधि व विभिन्न कीटों की रोकथाम हेतु उपयोग करने की विधि बताया गया। फसलों को रोगों से बचाने के लिए जीवामृत के साथ 5 लीटर मठ्ठा उपयोग करने की जानकारी दी गई। रबी फसलों में खरपतवार नियंत्रण हेतु पैरा व पत्तों का पलवार के रूप में उपयोग करने की जानकारी दी गई।



○ मशरूम, मुर्गीपालन, वर्मी खाद व बीज उत्पादन की दी गई जानकारी

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत जागरुकता कार्यशाला संपन्न

बालोद (दावा)। केंद्र सरकार की खाद्य प्रसंस्करण संबंधी महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया।

बैठक में सीएसआईडीसी रायपुर के अधिकारी पुनीत इंगोली व भूषण किंचक ने बताया गया कि योजना का लाभ लेने हेतु व्यक्तिगत, स्व-सहायता समूह, किसान उत्पादक संगठन, उत्पादक सहकारी समितियां पात्र हैं। जिसमें योजनांतर्गत व्यक्तिगत श्रेणी में 35 प्रतिशत क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी के तहत अधिकतम 10 लाख एवं समुह श्रेणी में 03 करोड तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। इसके साथ ही लाभार्थियों को उत्पाद, ईडीपी, ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग में प्रशिक्षण भी दिए जाने का प्रावधान है। उक्त कार्यशाला में कृषि विज्ञान केन्द्र के मुख्य वैज्ञानिक के.आर. साहू, एन.आर.एल.एम. के प्रभारी नितेश साहू, बैंकों के शाखा प्रबंधक सहित संबंधित अधिकारियों के अलावा महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे।

महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सी.आर.टेकाम ने संबंधित विभागों एवं बैकों से उक्त योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार व प्रकरण तैयार कर हितग्राहियों को लाभान्वित करने की अपील की है।

# महतारी वंदन योजना की जानकारी माताओं-बहनों को प्रदान की गई

**डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा द्वारा महिलाओं को आर्थिक समृद्धि प्रदान करते हुए सशक्त बनाने के लिए मोदी जी की गारंटी के रूप में छत्तीसगढ़ में महिलाओं के लिए अपने जन घोषणा पत्र में महतारी वंदन योजना को शामिल किया गया था।**



भाजपा कार्यकर्ताओं व पंचायत प्रतिनिधियों का जनहित में किया गया प्रयास

जिसमें महिलाओं को प्रत्येक माह 1000 हजार रुपये देने की बात कही गई थी। इसी के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी महतारी वंदन योजना का लाभ माताओं बहनों को दिलाने के लिए डोंगरगढ़ विधानसभा के ग्राम बछेराभाठा बूथ क्रमांक 127 में गांव की माताओं, बहनों को योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुवे फॉर्म भरवाकर जमा किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि, भाजपा आई सेल डोंगरगढ़ ग्रामीण मण्डल संयोजक हेमलाल साहू, बूथ पालक तुलाराम साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती महेश्वरी धुर्वे एवं श्रीमती रंजीता साहू सहित गांव की माताएं व बहने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हुवे।

# महिलाओं ने महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए अब तक कुल 96 हजार 686 आवेदन जमा किए गए

## कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में महतारी वंदन योजना के फार्म भरवाने के लिए निरंतर किया जा रहा कार्य



राजनांदगांव (दावा)। जिले में शासन की महतारी वंदन योजना अंतर्गत फार्म भरने के लिए महिलाएं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केन्द्र एवं वार्ड कार्यालय में पहुंच रही हैं। वहीं दूसरी ओर ऑनलाईन भी फार्म भरे जा रहे हैं। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इस योजना के प्रति महिलाओं में उत्साह एवं हर्ष व्याप्त है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में महतारी वंदन योजना के फार्म भरवाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। महिलाओं ने इस योजना का लाभ लेने के लिए आज 38 हजार 352 फार्म भरे हैं। अब तक कुल 96 हजार 686 आवेदन जमा किए गए हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि शासन की महतारी वंदन योजना के प्रति महिलाओं में जागरूकता एवं उत्साह है। जिले में पर्याप्त संख्या में फार्म उपलब्ध हैं। पात्र हितग्राहियों को शासन की इस महती योजना से लाभ मिले इसके लिए लगातार फार्म भराए जा रहे है। उन्होंने कहा कि फार्म भरने में कोई दिक्कत नहीं हो, इसके लिए महिलाओं को मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है और उन्हें आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शासन की यह योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हरसंभव कार्य किए जा रहे हैं।

**0 महतारी वंदन योजना अंतर्गत फार्म भरने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं आंगनबाड़ी केन्द्र, वार्ड कार्यालय पहुंच रही**
**० शासन की महतारी वंदन योजना के प्रति महिलाओं में जागरूकता एवं उत्साह**

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरूआत की गई है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाएगी। योजनांतर्गत आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी है और पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च को किया जाएगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए विभाग द्वारा www.mahtari-vandan.cgstate.gov.in और मोबाइल ऐप जारी किया गया है, इस लिंक और एप्प पर महिलाएं ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। आवेदन के लिए किसी भी तरीके का शुल्क नहीं देना है। इसके अलावा महिलाएं अपने इलाके के आगंनबाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत सचिव, बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) और वार्ड प्रभारी से संपर्क कर उनके लॉगिन यूजर आईडी से आवेदन कर सकती हैं।

# नवगठित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मानपुर-मोहला-चौकी में नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय की सांसद संतोष पांडे ने की मांग




**लोकसभा में शून्य काल में उठाया मामला**

राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पांडे ने आज लोकसभा के शून्यकाल में नवगठित अनुसूचित जिला मानपुर-मोहला-चौकी में नवोदय विद्यालय के साथ ही केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में नवोदय विद्यालय की स्वीकृति की मांग की है।

संसद में शून्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि संसदीय क्षेत्र के जिला कबीरधाम में 25 करोड़ की लागत से नवीन केंद्रीय विद्यालय भवन तैयार है जिसके लोकार्पण के लिए माननीय शिक्षा मंत्री की उपस्थिति का अनुरोध किया है । उन्होंने दोनों जिले में नवोदय विद्यालय स्वीकृत की अनिवार्यता के पीछे बताया कि मानपुर-मोहला-चौकी पूर्णता आदिवासी जिला है तथा तीनों जिलों से मात्र 80 बच्चों का कक्षा छठवीं में प्रवेश दिया जाता है जिससे मोहला मानपुर चौकी के आदिवासी छात्र-छात्राएं को दुरस्थ होने के साथ ही प्रतियोगी परीक्षा में परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिससे वे उचित संख्या में प्रवेश से वाचित हो जाते है। ऐसी स्थिति में दोनों जिलों में नवोदय विद्यालय तथा केंद्रीय विद्यालय स्वीकृति अपरिहार्य है ।

# चार सालों में महापौर ने शहर के बंदोबस्त को खोखला किया और अब दिखावा कर रही हैं - किशुन यदु



राजनांदगांव(दावा)। महापौर हेमा देशमुख और कांग्रेसी पार्षदों ने बुधवार को आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर शहर में सफाई व्यवस्था बदहाल होने और मूलभूत कामों के पिछड़ने की बात कही है। निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने इसे स्टंटबाजी करार दिया है। उन्होंने महापौर पर आरोप लगाते हुए कहा कि दृ इस बदहाली की असल जिम्मेदार वहीं हैं। चार सालों में उन्होंने शहर के बंदोबस्त को खोखला किया और अब दिखावा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दृ सत्ता प्रदेश में बदली है निगम की सत्ता तो अब भी कांग्रेस के हाथ में है लेकिन वे अपने दायित्वों को निभाने की बजाए आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति में वक्त फिजूल करना चाहती हैं।

उन्होंने कहा कि शहर में दिक्कतें हैं तो इसके लिए निगम में सामान्य सभा की बैठक बुलाई जानी चाहिए, जनप्रतिनिधियों के बीच चर्चा होनी चाहिए लेकिन इससे खुद महापौर हेमा देशमुख पीछे हट रहीं हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पूरे पांच साल शहर का दोहन और शोषण ही किया और अब महापौर इसका ठिकरा दूसरे पर फोड़ने का कुत्सित प्रयास कर रहीं हैं। सौंदर्यीकरण, प्रतिमाओं की स्थापनाओं के लिए लाखों रुपए फूंकने वाला निगम शहर की सड़कें तक ठीक नहीं कर सका। ये दोहरा रवैया ही है जिससे नगर के लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि दृ सच तो ये है कि महापौर हेमा देशमुख ने पांच सालों में शहर की आधारभूत संरचना को मजबूत करने, मूलभूत समस्याओं से निजात दिलाने कोई प्रयास नहीं किया। नाली, सड़क, सफाई, पानी, स्ट्रीट लाईट की बदहाली अपने चरम पर रही। महापौर अपने बजट की घोषणाओं को अमल पर नहीं ला सकीं। शहर को सुव्यस्थित करने जैसा कोई काम कांग्रेस महापौर ने नहीं किया। कुल मिलाकर आज तक के सबसे असफल महापौर के तौर पर श्रीमती हेमा देशमुख ने अपनी जगह बनाई है और वें अब अपनी असफलता से कुंठित होकर फैसले लें रहीं हैं।

# कांग्रेस सरकार में बढ़ा अपराध का ग्राफ, हत्या, लूट व दुष्कर्म के मामले में छठवें स्थान पर पहुंचा छत्तीसगढ़, गृहमंत्री ने दी जानकारी

रायपुर। कांग्रेस शासनकाल में छत्तीसगढ़ में अपराध का ग्राफ बढ़ा है। आपराधिक मामलों में छत्तीसगढ़ की रैंकिंग बढ़ती चली गई। विधानसभा के बजट सत्र में गुरुवार को भाजपा के कुरुद विधायक अजय चंद्राकर के सवाल पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने जवाब दिया। विधानसभा पटल पर प्रस्तुत लिखित जवाब में विजय शर्मा ने कहा कि 2021 में अपराध दर जहां आठवां स्थान था, वह वर्ष 2022 में छठवें स्थान पर आ गया। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि ये आंकड़े हत्या, दुष्कर्म, लूट, ठगी और तस्करी जैसे गंभीर अपराधों को लेकर हैं।

विधानसभा सत्र के चौथे दिन विधायक अजय चंद्राकर के सवाल के जवाब पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने जवाब प्रस्तुत किया कि वर्ष 2019 से वर्ष 2023 के बीच अलग-अलग अपराधों में क्राइम ग्राफ में उतार-चढ़ाव देखा गया। इसमें मतांतरण के मामले भी शामिल हैं। 2019 से 2023 तक कांग्रेस शासनकाल में हर साल क्राइम का ग्राफ बढ़ा है। प्रदेश में 2019 से 2023 तक ठगी के 8,702, हत्या के 4,786, महिलाओं से संबंधित 15,511 अपराधिक घटनाओं पर मामला दर्ज किया गया।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2019 से 2023 के बीच जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। यहां साल-दर-साल आपराधिक घटनाएं बढ़ती रही। 2019 में 1036, 2020 में 1210, 2021 में 1093, 2022 में 1246 व 2023 में 2365 दुष्कर्म के मामले दर्ज किए गए। एक अप्रैल 2021 से 31 दिसंबर 2023 तक प्रदेश में हत्या के 2733 दर्ज हुए।

# उज्जैन महाकाल मंदिर में पूजा-अर्चना....




राजनांदगांव (दावा)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के भाई नंदलाल यादव के साथ बाबा महाकाल के परमभक्त राजनांदगांव से पवन डागा ने भगवान श्री महाकालेश्वर भगवान से छत्तीसगढ़ की खुशहाली की कामना कर दर्शन कर पूजा अर्चना की उज्जैन 06 फरवरी 2024। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के बड़े भाई के साथ बाबा महाकाल के परमभक्त राजनांदगांव से पवन डागा नंदलाल यादव दोनों अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन किये।

# भारतीय वायुसेना अग्निवीर में भर्ती के लिए 11 फरवरी तक ऑनलाईन पंजीयन

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय वायुसेना अग्निवीर में भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र युवा 11 फरवरी 2024 तक ऑनलाईन अपना पंजीयन करा सकते हैं। उप संचालक रोजगार एसव्ही राजौरिया ने बताया कि पंजीयन के लिए स्वयं का आधार कार्ड, सफेद बैंकग्राऊंड का स्वयं का फोटोग्राफ जिसमें हाथ में स्लेट पकड़े हुए हो और स्लेट पर आवेदक का नाम लिखा हो, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान लिया जाएगा। उन्होंने आवेदकों से अधूरा फार्म नहीं भरने की अपील की है। फार्म पूर्ण होन पर फार्म की रसीद प्राप्त करने कहा है। भर्ती के संबंध में संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य से संपर्क किया जा सकता है।

# गांव चलो बूथ चलो अभियान : प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में पहुंचे कमल सोनी



**बूथ क्रमांक 55 में कार्यकर्त्ताओं की बैठक में भरा जोश**

राजनांदगांव(दावा)। बसंतपुर वार्ड नंबर 46 बूथ क्रमांक 55 हनुमान मंदिर परिसर में गांव चलो बूथ चलो अभियान की बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में कमल सोनी उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ में देशव्यापी गांव चलो बूथ चलो अभियान का शुभारंभ 4 फरवरी से 11 फरवरी तक के चलाएं जाना है। इस महत्वपूर्ण अभियान में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव इस अभियान के प्रदेश संयोजक पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल सहित सभी प्रदेश सरकार के मंत्री सांसद गण विधायक गण निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं पार्टी के प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता यह अभियान में शामिल होंगे। इस अभियान को लेकर छत्तीसगढ़ के 20 हजार गांवों तक जाना है।

श्री सोनी ने आगे कहा कि जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल व गांव चलो बूथ चलो अभियान के जिला संयोजक रविंद्र वैष्णव के मार्गदर्शन में शुरू की गई है। जिसमें भाजपा के नेता व कार्यकर्ता गांव चलो अभियान बूथ चलो अभियान गांव गांव तक जाएंगे। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्र के वार्डों के बूथ में जाकर कार्यकर्ता व आम लोगों से मिलकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना है। श्री सोनी ने इस अभियान की बैठक में उपस्थित बूथ के नागरिकों को गांव चलो बूथ चलो अभियान का हैंड बिल, पत्रक और कैलेंडर वितरण किया एवं आम नागरिकों को इस महत्वपूर्ण अभियान की जानकारी दी तथा भाजपा के केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम जनता को अवगत कराया। उन्होंने अभियान के माध्यम से संपर्क व संवाद भी किया।उक्त बैठक में प्रमुख रूप से कमल सोनी के साथ पूर्व पार्षद हेमंत शेखर यादव, बूथ अध्यक्ष हेमंत दास बघेल, श्रीमती गीता साहू, शिवकुमार साहू, प्रवीण यादव, रामेश्वर यादव, विजय उईके, पुनाराम यादव, श्रीमती सुनीता क्षत्रिय, रामेश्वरी क्षत्रिय, सुनीता मरकाम, सुमित्रा, निर्मला बाई साहू, निकिता बाई साहू, सुमन यादव, सरोज यादव, फिरतीन बाई यादव, सरोज यादव, सतरूपा यादव, मंगलीन यादव, कविता यादव, लीला बाई यादव आदि बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

# अमरजीत के करीबियों पर आयकर का शिकंजा

रायपुर। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत और उनके करीबियों पर आयकर का शिकंजा कस रहा है। खबर है कि आयकर विभाग ने सरगुजा कलेक्टर को चिट्ठी लिखकर अमरजीत भगत के 13 करीबियों की प्रॉपर्टी की जानकारी मांगी है। भगत और उनके करीबियों के यहां आयकर की जांच पूरी हो गई है और अब बेनामी संपत्तियों का ब्यौरा जुटाया जा रहा है। अंबिकापुर में भगत के करीबी टिम्बर व्यापारी राजू अग्रवाल के यहां भी आयकर ने दबिश दी थी। छापेमारी के बाद राजू गायब है, लेकिन उनके घर के तीन कमरों को सील कर पुलिस तैनात कर दिए गए हैं। जिन लोगों का ब्यौरा मांगा गया है, उनमें मैनपाट के मनोज यादव, अतुल यादव, गणेश यादव, नागेश्वर यादव, अंबिकापुर के सुरेश यादव, गंगापुर खुर्द के प्रमोद टोप्पो, अंबिकापुर के राजू अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, बतौली के हेमंत यादव, रामानंद यादव, दीना यादव, और प्रदीप गुप्ता हैं।

# पार्षदों को याद आई शहर की चरमराई सफाई व्यवस्था... आयुक्त को सौंपे ज्ञापन



राजनांदगांव(दावा)। प्रदेश में भाजपा का शासन और नगर-निगम में कांग्रेस की सत्ता के बाद भी शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। इसे लेकर कांग्रेसी पार्षदों ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। उनकी मांग में शहर की चरमराती हुई सफाई व्यवस्था को दुरूस्त कराने के अलावा सेप्टिक सफाई कार्य, मृत मवेशी निष्पादन, बोरिंग रिपेयरिंग, सड़क बत्ती मरम्मत कार्य उद्यानों का रखाव के लिए पृथक-पृथक कर्मचारी उपलब्ध कराए जाने की मांग प्रमुख है। साथ ही कांग्रेस पार्षदों ने आयुक्त को सौंपे गए अपने ज्ञापन में शहर के 51 वार्डों में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के अलावा अधूरे निर्माण कार्य को पूरा कराए जाने की भी मांग की है। नगर निगम आयुक्त के अलावा महापौर व कलेक्टर को सूचनार्थ हेतु प्रेषित किए गये। उक्त ज्ञापन को सौंपने वालों में पार्षद सतीश मसीह, दुलारी साहू, शकीला बेगम, पूर्णिमा नागदेवे, गणेश पवार, अमीन हुडडा, पार्षद प्रतिनिधि अवधेश प्रजापति आदि प्रमुख है, जिनके द्वारा कहा गया है कि चूंकि निगम के नियमित कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके है तथा ठेका में कार्यरत कर्मचारी जिन्हें हटाया गया है। उन्हें वापिस कार्य में लिया जाए व उपरोक्त कार्यों को दुरूस्त कर नागरिकों मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त समस्त कार्य सप्ताह के भीतर दुरूस्त किया जाए नहीं तो कांग्रेस पार्षदगण आन्दोलन करने बाध्य होंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी।

**मूलभूत सुविधा कार्यों के लिए अलग-अलग कर्मचारी उपलब्ध कराने व अधूरे कार्य पूर्ण कराए जाने की मांग**

# फिरोज को नजरअंदाज करने से खेल प्रेमियों में नाराजगी-चौधरी

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में महान सर्वेश्वरदास स्मृति हॉकी प्रतियोगिता का शानदार आयोजन संपन्न हुआ। इस वर्ष हॉकी प्रतियोगिता में देश की प्रसिद्ध टीमों ने हिस्सा लिया। कई साल के बाद इस वर्ष हॉकी देखने में राजनांदगांव की खेल प्रेमी जनता को आनंद आया।

**सर्वेश्वर दास स्मृति हॉकी प्रतियोगिता का शानदार आयोजन संपन्न**

प्रदेश कबड्डी संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि इस वर्ष की उपलब्धियाँ रही कि खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने राजनांदगांव में नया एस्ट्रोटर्फ एवं फ्लड लाइट लगाने की घोषणा की है। जिले की जनता के द्वारा डॉ.रमन सिंह को चौथी बार जीताने की यह पहली सौगात है राजनांदगांव में चाहे अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम हो या राजनांदगांव गौरव दिग्विजय स्टेडियम हो या मेडिकल कॉलेज हो सभी विकास की सौगात डॉ.रमन सिंह के द्वारा ही प्रदान की गई है। पिछले 5 वर्ष राजनांदगांव को कांग्रेस की सरकार ने शून्य घोषित कर दिया था वह शून्यता नए एस्टोटर्फ की घोषणा के साथ समाप्त हो गयी है अब विकास की पटरी राजनांदगांव के लिए बछ गई है अब अन्य विकास कार्य भी होंगे सबसे पहले जो महत्वपूर्ण ऑफिस राजनांदगांव की बजाय रायपुर या अन्य जगह ले जाया गया है, वह वापस लाने की प्रक्रिया की जानी चाहिए।

प्रदेश कबड्डी संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि महंत सर्वेश्वर दास हॉकी प्रतियोगिता के दौरान हॉकी इंडिया के राष्ट्रीय पदाधिकारी जो हॉकी के लिए समर्पित हैं, ऐसे फिरोज अंसारी को सिरे से नजरअंदाज करना भी राजनांदगांव के खेल प्रेमियों को अखर गया है। खेल में राजनीति करना उचित नहीं है हमारा मनमुटाव हो सकता है, हम दुसरे दल के समर्थक हो सकते हैं लेकिन हॉकी से संबंधित व्यक्ति को इस तरह अपमान करना उचित नहीं है। आयोजन समिति के अध्यक्ष कलेक्टर को इसका संज्ञान लेना चाहिए और भविष्य में इस तरह की घटना से बचने का प्रयास किया जाना चाहिए, बहरहाल प्रतियोगिता बहुत अच्छा हुआ है इसके लिए आयोजन समिति को धन्यवाद है।

# अखिल भारतीय कबड्डी टूर्नामेंट में राजनांदगांव महिला टीम ने जीता गोल्ड मेडल



राजनांदगांव (दावा)। जिले की महिला कबड्डी टीम 2024 जनवरी एवं फरवरी महीने में आयोजित अखिल भारतीय कबड्डी टूर्नामेंट जो कि भटगांव सारंगढ़ जिले में आयोजित था वहां पर शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में हरियाणा को रोमांचक मुकाबले में एक पॉइंट से हराकर प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल एवं 51000 रुपए का पुरस्कार जीत लिया। ज्ञात हो कि लीग मुकाबले में कोरबा बिलासपुर रायपुर को हराकर सेमीफाइनल में हरियाणा की ही एक दूसरी टीम को 17-12 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था, फाइनल मैच का रोमांचक मुकाबला उतार चढ़ाव भरा रहा लेकिन अंततः राजनांदगांव की टीम ने 44 अंक अर्जित किया और हरियाणा के टीम ने 43 अंक बनाया मैन ऑफ द मैच मैन ऑफ द सीरीज एवं बेस्ट रेडर का पुरस्कार भी राजनांदगांव की टीम को प्राप्त हुआ। इसी तरह फरवरी महीने में ग्राम बोदरा जिला शक्ति के अखिल भारतीय टूर्नामेंट में अन्य प्रदेशों से आए हुए टीमों को हराकर राजनांदगांव महिला कबड्डी टीम एवं बिलासपुर की महिला कबड्डी टीम फाइनल में प्रवेश किया फाइनल मुकाबला एकतरफा रहा, जिसमें राजनांदगांव की टीम को विजेता का खिताब मिला, 2024 में अभी तक पांच टूर्नामेंट में विजेता होने का गौरव राजनांदगांव टीम को प्राप्त हुआ है। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौधरी, जिला कबड्डी संघ के सचिव तुलसी मांडवी, नगर निगम कबड्डी संघ के अध्यक्ष एवं सचिव महेश साहू एवं तीरथ गोस्वामी तथा कोच हरीश साहू, रोहित पड़ोती, ललित साहू, लखन कोमरे ने टीम को बधाई दिया है और भविष्य में इसी तरह का परफॉर्मेंस के लिए शुभकामनाए दी है।













स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com